संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 213 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष को जवाब देते हुए केंद्रीय उड्डयन मंत्री सिंधिया।

# विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा

## विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर ध्वनिमत से मतदान हुआ जिसे खारिज कर दिया गया, पीएम मोदी ने मणिपुर पर भी बोला

**विपक्ष निशाने पर**

▶▶ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव मेरे लिए शुभ होता है और भाजपा 2024 में सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी: पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लोकसभा** में सरकार के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को गिर गया। विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर ध्वनिमत से मतदान हुआ, जिसे खारिज कर दिया गया। लोकसभा में पीएम मोदी के संबोधन के बाद अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान काराया गया था।

**पीएम ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर दिया जवाबः** इससे पहले पीएम मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में जवाब दिया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर हमले के साथ की। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव मेरे लिए शुभ होता है और भाजपा 2024 में सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी। उन्होंने विपक्ष से कहा कि आप 2028 में फिर से तैयारी करके आइएगा और अविश्वास प्रस्ताव लाइएगा।

**विपक्षी सांसदों का वॉकआउटः** अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर लिया था। उनका कहना था कि हमें पीएम से जिस मुद्दे पर बोलने की उम्मीद थी, उन्होंने ऐसा नहीं बोला। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**गौरव गोगोई ने सरकार पर साधा निशानाः** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह अविश्वास प्रस्ताव इंडिया के सदस्य के रूप में मेरे द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। पीएम मोदी मणिपुर का दौरा न करने पर इतने अड़े क्यों हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो घंटे से चर्चा चल रही है, लेकिन मणिपुर को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास भारत को छिन्न-भिन्न करने का रहा है। मणिपुर से बात शुरू कर प्रधानमंत्री ने संपूर्ण पूर्वोत्तर पर कांग्रेस को आईना दिखाने का प्रयास किया।

**1962 में देश पर चीनी हमले का किया जिक्रः** 1962 में देश पर चीन ने हमला किया था। नागरिक मदद के लिए परेशान थे, लेकिन उस वक्त तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने एक रेडियो संदेश जारी कर जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया। वह खौफनाक रेडिया प्रसारण आज भी शूल की तरह पूर्वोत्तर के लोगों को चुभ रहा है। इसी तरह जो लोग अपने आप को लोहिया जी का वारिस कहते हैं, वह सुनें। लोहिया जी ने नेहरू जी पर गंभीर आरोप लगाए थे कि जानबूझकर नेहरू जी पूर्वोत्तर का विकास नहीं कर रहे हैं।





### कसा तंजः विपक्ष ने जिन चीजों की बुराई की, उनका भला हुआः पीएम

**पीएम ने कहा कि विपक्ष** के लोगों को एक सीक्रेट वरदान मिला है। ये लोग जिसका बुरा चाहेंगे, उसका भला ही होगा। मैं 3 उदाहरण से सिद्ध कर सकता हूं।
**पहला–** इन लोगों ने कहा था कि बैंकिंग सेक्टर डूब जाएगा। पब्लिक सेक्टर बैंक का नेट प्रॉफिट दोगुने से ज्यादा हो गया। फोन बैंकिंग घोटाले की बात की। देश को एनपीए के गंभीर संकट में डुबो दिया था। आज जो एनपीए का अंबार लगाकर गए थे, हम उसके पार निकल चुके हैं। निर्मला जी ने बताया कि कितना प्रॉफिट हुआ।
**दूसरा–** डिफेंस के हेलिकॉप्टर बनाने वाली सरकारी कंपनी एचएएल के लिए कितनी भली-बुरी बातें कही थीं। एचएएल तबाह हो गया है, खत्म हो गया है, भारतीय डिफेंस इंडस्ट्री खत्म हो गई है, लेकिन आज एचएएल सफलता की नई बुलंदियां छू रहा है। हाईएस्ट एवर रेवेन्यू रजिस्टर किया है। वहां के कामगारों को उकसाने की कोशिशों के बावजूद एचएएल देश की आन-बान-शान बनकर उभरा।
**तीसरा–** एलआईसी के लिए कहा कि डूब रही है। दरबारियों ने कागज पकड़ा दिए और नेता सारे बोल लेते थे। एलआईसी मजबूत हो रही है। मार्केट के लिए भी गुरुमंत्र है, जिस सरकारी कंपनियों को ये लोग गाली दें, उस पर पैसा लगा दीजिए अच्छा ही होगा।

### 'मणिपुर में हिंसा दुखद', राज्य में शांति के लिए सरकारें कर रहीं काम'

**नई दिल्ली। कई** माह से देश की राजनीति का केंद्र बने मणिपुर की हिंसा पर लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जवाब दिया तो न सिर्फ वहां के नागरिकों को शांति के प्रति आश्वस्त किया, बल्कि पूर्वोत्तर से जुड़ी कांग्रेस की पुरानी गाथा भी सुना डाली।

**राज्य में उगेगा शांति का सूरजः** मणिपुर के नागरिकों को आश्वासन दिया कि जिस प्रकार के प्रयास केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं, उससे निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। हम सब मिलकर चुनौती का समाधान निकालेंगे, वहां फिर से शांति की स्थापना होगी।

**पीएम मोदी का राजनीतिक दलों को दो टूकः** राजनीतिक दलों को पीएम ने दो टूक संदेश दिया कि राजनीति को



जितना दूर रखेंगे, शांति उतना ही करीब आएंगी। वहीं, पूर्वोत्तर के विकास को अपनी सरकार की प्राथमिकता बताते हुए आरोप लगाया कि वहां की समस्याओं की एकमात्र जननी कांग्रेस है।

**दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हो रहा प्रयासः** विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर उत्तर देते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर में अदालत का एक निर्णय आया। उसके पक्ष-विपक्ष में जो परिस्थितियां बनीं, उससे हिंसा का दौर शुरू हो गया।

### विपक्ष को अपनी वैक्सीन पर भरोसा नहींः पीएम मोदी



दूसरे की बात को कैच कर लेते हैं, अलगाववादियों पर भरोसा था। भारत ने आतंकवाद पर सर्जिकल स्ट्राइक किया, एयर स्ट्राइक किया। कोरोना की महामारी आई, भारत के वैज्ञानिकों ने मेड इन इंडिया वैक्सीन बनाई, उस पर भरोसा नहीं था। आज दुनिया में कोई भी भारत के लिए कोई भी अपशब्द बोलता है तो तुरंत विश्वास हो जाता है, तुरंत कैच कर लेते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### महात्मा गांधी के पड़पोते ने भिड़े गुरुजी पर एफआईआर कराई

**टीम एक्शन इंडिया/पुणे**
महात्मा गांधी के पड़पोते तुषार गांधी ने हिंदूवादी नेता संभाजी भिड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। श्री शिवप्रतिस्ठान हिंदुस्तान के संस्थापक अध्यक्ष मनोहर उर्फ संभाजी भिड़े को उनके समर्थक भिड़े गुरुजी कहते हैं। उन्होंने हाल ही में अमरावती में आयोजित सभा में महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। विदर्भ के दौरे पर आए भिड़े ने अमरावती के बडनेरा रोड इलाके में भारत मंगल हॉल में एक सभा में कहा था कि मोहनदास करमचंद गांधी के पिता मुस्लिम जमींदार थे। इस पर नाराजगी जताते हुए तुषार गांधी ने पुणे के डेक्कन पुलिस स्टेशन को दी शिकायत में कहा– भिड़े का बयान गांधी परिवार की महिलाओं का अपमान है। यह गांधी परिवार की सभी पीढ़ियों का अपमान है। भिड़े ने न केवल बापू के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया है, बल्कि उनके परिवार के खिलाफ भी अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने आरोप लगाया– महाराष्ट्र के गृह मंत्री ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन ऐसा लगता है कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आईपीसी की धारा 499 (मानहानि), 153 (अ) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 505 (सार्वजनिक उत्पात को बढ़ावा देने वाले बयान) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उनके साथ असीम सरोदे, विश्वंभर चौधरी, अनवर राजन को भी आरोपी बनाया गया है। संभाजी भिड़े उर्फ गुरुजी, महाराष्ट्र के सांगली जिले से आते हैं, वह मशहूर फर्ग्युसन कॉलेज में फिजिक्स के प्रोफेसर भी रह चुके हैं।

### तिरूपति-सिकंदराबाद वंदे भारत में धुआं फैला

**टीम एक्शन इंडिया/सिकंदराबाद**
**आंध्र** प्रदेश के नेल्लोर जिले में 9 अगस्त को तिरुपति-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस में धुआं निकलने से यात्रियों में दहशत फैल गई। जब इस बारे में लोको पायलट को बताया गया तो ट्रेन को मनुबोलू में रोक दिया गया। जांच में पता चला कि ट्रेन में एक शख्स बिना टिकट सफर कर रहा था। जब उसने टॉयलेट में जाकर सिगरेट जलाई तो फायर अलार्म एक्टिव हो गए। इससे कम्पार्टमेंट में एयरोसोल का स्प्रे हो गया है।





लखनऊ से वाराणसी के बीच पहली वायुयान सेवा का मुख्यमंत्री योगी ने किया उद्घाटन। फ्लाइट के लिए सीएम के नाम पहला टिकट जारी करते हुए अधिकारी।

### 15 अगस्त से पहले कश्मीर में 6 आतंकी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू कश्मीर**
**कश्मीर** पुलिस और इंडियन आर्मी ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान 15 अगस्त से पहले 6 आतंकियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से गोला-बारूद और हथियार बरामद किए। पहला मामला बुधवार रात का है, जहां कोकेरनाग के एथलान गडोले में तीन आतंकी पकड़े गए। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवान समेत 3 लोग घायल हुए। दूसरा मामला बारामूला के उरी का है, जहां सुरक्षाकर्मियों ने लश्कर के 3 आतंकी पकड़े।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को 'सोलर एक्सप्रेस-वे' बनाएगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही औद्योगिक गलियाओं और विशेषतौर पर हाइवे के रख-रखाव व सुविधाओं में वृद्धि के लिए प्रयासरत योगी सरकार अब नवीकरणीय ऊर्जा के तौर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठी पहल करने जा रही है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाले हाइवे के निर्माण और रख-रखाव के साथ ही इसे नवीकरणीय ऊर्जा से जोड़ते हुए एक खास इनोवेशन करने का



प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सौर ऊर्जा से लैस करने की अनूठी पहल को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। फिलहाल, यूपीडा द्वारा एक 'एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट' का लेटर जारी किया गया है। इसके अनुसार, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे में परिवर्तित करने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई

**नायाब पहल**

▶▶ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को सौर ऊर्जा से लैस करने की अनूठी पहल को अंजाम देने की तैयारी

## मणिपुर के 40 विधायकों की पीएम को चिट्ठी



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** के 40 विधायकों ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने अपनी 6 मांगों को रखा है। इनमें मणिपुर में एनआरसी लागू करने, उग्रवादियों से हथियार वापस लेने और शांतिवार्ता की पहल शामिल है। वहीं, विशेष विधानसभा सत्र की मांग को लेकर सैकड़ों महिलाओं ने करीब 9.30 बजे इंफाल के कीसंपत, कीसमथोंग और क्वाकीथेल और इंफाल पूर्वी जिले के वांगखेई और कोंगबा में मशाल जुलूस भी निकाला। उधर, स्थानीय पुलिस और असम राइफल्स आमने-सामने हो गए हैं। दोनों के बीच टकराव बढ़ गया है।
दोनों के बीच बहस के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं। सुरक्षा बलों की साधारण तैनाती काफी नहीं। हिंसा को रोकने के लिए उपद्रवियों से हथियार वापसी बेहद जरूरी है। कई खबरें आईं, जब किसान खेतों में काम करने बाहर गए और ऊंचाई पर बैठे लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। इन घटनाओं में अत्याधुनिक हथियार स्नाइपर राइफल और रॉकेट ग्रेनेड इस्तेमाल हुए हैं। कई बार ये घटनाएं केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी में हुईं और वे कुछ नहीं कर सके।

**चिट्ठी में क्या**

▶▶ मणिपुर में एनआरसी लागू करने, उग्रवादियों से हथियार वापस लेने और शांतिवार्ता की पहल शामिल

## नूंह हिंसा के आरोपियों का पुलिस एनकाउंटर, दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
**हरियाणा** में नूंह जिले के तावडू में पुलिस और दंगाइयों के बीच गुरुवार को मुठभेड़ हो गई। नूंह पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक को गोली लगी है। पुलिस अरावली की पहाड़ियों में 31 जुलाई को हुई नूंह हिंसा के आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सूचना मिली थी कि 2 दंगाई राजस्थान के रास्ते तावडू से होते हुए नूंह आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने उन्हें



तावडू के पहाड़ी में रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गावरका निवासी मुनफेद और सैकुल हैं। दोनों के पास से अवैध कट्टा, कारतूस और बाइक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों तरफ से 4 से 5 राउंड फायर हुए। एनकाउंटर करीब एक घंटे तक चला।

**अरावली की पहाड़ियों में छुपे दंगाई, ड्रोन से सर्चः** नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा में शामिल संदिग्ध लोग अरावली की पहाड़ियों में छिपे हुए हैं। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसटीएफ और पुलिस टीमों ने ड्रोन की मदद ली है, जिसके जरिए उनके ठिकानों को तलाश करने के बाद आरोपियों को हिरासत में लिया जा रहा है। पुलिस पहाड़ियों में छिपे 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के बाद से ही आस-पास के गांवों के काफी लोग अरावली की पहाड़ियों में जाकर छिप गए।

**हथियार बरामद**

▶▶ तावडू की पहाड़ियों पर आमने-सामने फायरिंग हुई; 2 आरोपी गिरफ्तार, एक को गोली लगी

### राज्यसभा में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़ा बिल पेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़ा बिल पेश किया। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और कैबिनेट का मंत्री शामिल होंगे।

### 4.28 लाख तीर्थयात्रियों ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-श्रीनगर** नेशनल हाईवे पर हुए लैंड स्लाइड के चलते अमरनाथा यात्रा रोक दी गई थी। इसे 18 घंटे बाद गुरुवार को बहाल कर दिया गया। अब तक 36 जत्थों में 4.28 लाख तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं। यात्रा 31 अगस्त को छड़ी मुबारक के साथ पूरी होगी।

**37वें बैच में महज 999 यात्रीः** अधिकारियों के मुताबिक नेशनल हाईवे पर यात्रा बहाल होने के बाद 33 गाड़ियों में यात्री भगवती नगर बेस कैम्प से यात्रा पर निकले।

**सीएम का दौरा** कोटगढ़ क्षेत्र की आपदा प्रभावित 7 ग्राम पंचायतों को 7-7 लाख रुपये जारी

## सीएम सुक्खू ने की कोटगढ़ स्मारक के लिए 8 लाख रुपये देने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
प्रदेश का 80 प्रतिशत सेब उत्पादन करने वाले ऊपरी शिमला क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित लोगों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और उनका यह दौरा प्राकृतिक आपदा से सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को हुई भारी क्षति का जायजा लेकर लोगों को कम से कम समय में अधिक से अधिक राहत पहुंचाने पर केन्द्रित रहा। मुख्यमंत्री ने सभी सडकों की शीघ्र मरम्मत के लिए फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि पंचायत स्तर तक सम्पर्क



मार्गों को जल्द से जल्द बहाल कर बागबानों का सेब और अन्य नकदी फसलें मंडियों तक पहुंचाने के कार्य में तेजी लाई जा सके। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने अधिकारियों को चौबीसों घण्टे कार्य करते हुए 15 अगस्त तक सडकों को बहाल करने के निर्देश भी दिए ताकि बागबानों और किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और सही समय पर उनका उत्पाद बाजार में पहुंच पाए.मुख्यमंत्री ने हाल ही में आई आपदा के प्रभावितों को बढ़ी हुई राहत की घोषणा की, वहीं वे कोटगढ़ के शहीद स्मारक भी गए और वर्ष 1990 में सेब बागवानों के आन्दोलन के दौरान हुए गोलीकांड में मारे गए तीन बागवानों गोविंद सिंह, हीरा सिंह और तारा चंद के परिवार को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कोटगढ़ में इन तीन बागवानों की याद में बनाए गए स्मारक के रख-रखाव के लिए राज्य सरकार की ओर से 8 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। दो दिन के भीतर मुख्यमंत्री ने चौपाल, जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू, ठियोग और रामपुर विधानसभा क्षेत्रों में आपदा के कारण बंद सडकों और अन्य नुकसान का जायजा लिया।

**आपदा प्रभावित**


▶▶ मुख्यमंत्री ने सभी सडकों की शीघ्र मरम्मत के लिए फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए

# सीएम 14 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

- 15 को फतेहाबाद में करेंगे ध्वजारोहण, कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया व तैयारियों का जायजा लिया

**स्मृति दिवस**

**उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 14 अगस्त से जिले में दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम है। इस दौरान वह 14 अगस्त को पुरानी अनाज मंडी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। दूसरे दिन 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया व तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री दौरे के मद्देनजर जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वह अपनी ड्यूटी पूरी गंभीरता व जिम्मेदारी से करें।
उपायुक्त ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी अनाज मंडी और पुलिस लाइन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दें तथा जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ कार्यक्रम स्थलों पर बिजली व पानी के पुख्ता प्रबंध हों, ताकि किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुरानी अनाज मंडी में शैड के नीचे कार्यक्रम आयोजित होगा। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित काम समय रहते पूरे कर लें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग मुख्यमंत्री के रूट अनुसार ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। हैलीपैड और पार्किंग स्थलों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि पुरानी अनाज मंडी कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग करें। सभा स्थल में अलग-अलग सेक्टर बनाए जाएं, ताकि नागरिकों को कोई परेशानी ना हो। वहीं, दूसरी ओर पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के बारे में भी अधिकारियों से बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्वतंत्रता दिवस पर 43 कैदियों को किया जाएगा रिहा

- गरीब और जुर्माना न देने में सक्षम 3 कैदियों को भी किया जाएगा रिहा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 अगस्त 2023 को 43 कैदियों को विशेष छूट देते हुए रिहा करने का निर्णय लिया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 7 कैदियों , जिन्होंने बिना छूट के अपनी वास्तविक सजा का 50 प्रतिशत पूरा कर लिया है , को रिहा किया जाएगा। इसी प्रकार ऐसे सजायाफ्ता कैदी, जिन्होंने वास्तविक सजा अवधि में से बिना छूट के दो-तिहाई या 66 प्रतिशत तक की सजा पूरी कर ली है, की सजा को भी कम कर दिया गया है। ऐसे 33 कैदियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छूट का लाभ देकर रिहा किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि 3 ऐसे सजायाफ्ता कैदी हैं जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है परन्तु वे गरीब होने के कारण जुमार्ना देने में सक्षम नहीं हैं , उन्हें भी विशेष छूट का लाभ देकर 15 अगस्त 2023 को रिहा किया जाएगा।
प्रवक्ता ने यह भी बताया कि उक्त कैदियों को किसी भी न्यायालय द्वारा लगाए गए जुर्माने की राशि को अवश्य जमा करवाना होगा , अगर वे 15 अगस्त से पहले यह जुर्माना राशि जमा नहीं करवाते हैं तो उन्हें रिहा नहीं किया जाएगा।

## प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**झंडारोहण**

**राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रोहतक में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल फतेहाबाद में ध्वजारोहण करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**आजादी** के अमृत महोत्सव के दौरान प्रदेश में स्वतत्रंता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2023 को पूर्व वर्षों की भांति हर्षोल्लास, जोश और उत्साह एवं गौरवपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रोहतक में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल फतेहाबाद में ध्वजारोहण करेंगे। 15 अगस्त, 2023 की शाम को हरियाणा राज भवन, चण्डीगढ में एट होम का कार्यक्रम होगा। इस संबंध में एक सरकारी प्रवक्ता ने विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जिलों में आयोजित समारोहों में ध्वजारोहण करने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हिसार में, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता पंचकूला में, गृह मंत्री अनिल विज थानेसर में, स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल करनाल में, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा नूहं में, ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह भिवानी में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल सोनीपत में, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल अंबाला सिटी में, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता कैथल में और जींद में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ध्वजारोहण करेंगे।
इनके अलावा, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा पानीपत में, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण राज्य मंत्री ओम प्रकाश यादव झज्जर में, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा गुरुग्राम में, श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक जगाधरी में और फरीदाबाद में मुद्रण तथा लेखन सामग्री राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ध्वजारोहण करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर पलवल में, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह रेवाड़ी में, सांसद कार्तिकेय शर्मा अंबाला कैंट में, सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह चरखी दादरी में, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) डॉ डी पी वत्स टोहाना में, चौधरी बृजेंद्र सिंह हांसी में, अरविंद शर्मा बहादुरगढ़ में, नायब सैनी शाहबाद में, कृष्ण लाल पंवार नारनौल में, संजय भाटिया समालखा में, रामचंद्र जांगड़ा महम में, श्रीमती सुनीता दुग्गल सिरसा में और रमेश चंद्र कौशिक गोहाना में ध्वजारोहण करेंगे। उन्होंने बताया कि विधायक असीम गोयल नारायणगढ़ में, विधायक रणधीर सिंह गोलन बराड़ा में, विधायक सोमबीर सांगवान तोशाम में, विधायक बिशम्बर सिंह बाल्मिकी बवानी खेड़ा में, विनोद भ्याना सिवानी में, घनश्याम सर्राफ लोहारू में, दीपक मंगला बड़खल में, श्रीमती सीमा त्रिखा बल्लभगढ़ में, दूड़ा राम रतिया में, नरेंद्र गुप्ता मानेसर में, सत्यप्रकाश जरावता पटौदी में, राजेश नागर बादशाहपुर में, जोगी राम सिहाग बरवाला में, राम कुमार गौतम नारनौंद में, सीताराम यादव बेरी में, सुधीर सिंगला बादली में, कृष्ण लाल मिड्ढा नरवाना में और विधायक महिपाल ढांडा जुलाना में ध्वजारोहण करेंगे।

## जगाधरी विधानसभा में 12 को निकाली जाएगी शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा

चंडीगढ़ः देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आजादी के इस अमृत महोत्सव में राज्य की सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश के प्रति समर्पण का संकल्प लेना है और अन्य लोगों को इस तिरंगा उत्सव में सम्मिलत होने के लिए प्रोत्साहित करना है। हाथों में राष्ट्रध्वज और देशभक्ति के नारों से पूरा हरियाणा तिरंगामय नजर आएगा। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बताया कि "मेरी-माटी-मेरा देश" अभियान के तहत देश के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहीदों के गांवों से मिट्टी लेकर कलश में एकत्रित करेंगे।

## तीज उत्सव मनाने के लिए सरकार की अनोखी पहल

**उत्सव**

**19 अगस्त को पानीपत में होगा भव्य कार्यक्रम का आयोजन, मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्य अतिथि**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**देश** और दुनिया में स्थानीय संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार प्रतिबद्धता सर्वविदित है। राज्य के सांस्कृतिक उत्सवों एवं त्योहारों को बहुत उत्साह और उमंग के साथ मनाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार ने इस वर्ष भी तीज उत्सव को और अधिक भव्य और व्यापकता के साथ मनाने का निर्णय लिया है। इस बार तीज उत्सव 19 अगस्त, 2023 को पानीपत के गुरु तेग बहादुर/हुड्डा मैदान में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की उन 101 महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नाम कमाया है।

**सभी जिलों से महिलाओं को किया जाएगा आमंत्रितः** इस बार तीज कार्यक्रम की खासियत ये रहेगी कि हरियाणा के प्रत्येक जिले से महिलाओं को बुलाया जाएगा। उन जिलों की पहचान हेतु अलग-अलग जिला को अलग-अलग कलर कोड दिया जाएगा, ताकि उस जिला से आने वाली महिलाएं, उस कलर की चुनरी व उस कलर का रुमाल हाथ पर बांध कर आएं जिससे उस जिला की पहचान हो सके।

**स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई जाएगी शानदार प्रदर्शनीः** तीज उत्सव के दौरान प्रदेश के कई स्वयं सहायता समूहों द्वारा शानदार प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, डीआरडीए के स्वयं सहायता समूह और हरियाणा राज्य आजीविका मिशन के अन्तर्गत रजिस्टर्ड महिलाओं द्वारा लगाई जाएगी। अभिलेखागार एवं पुरातत्व विभाग, हरियाणा द्वारा भी प्रदर्शनी में एक स्टॉल लगाई जाएगी जोकि हरियाणवी धरोहर पर आधारित होगी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजनः** तीज उत्सव को और अधिक रुचिकर बनाने हेतु महिलाओं की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं खेल विभाग द्वारा करवाई जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सभी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा किया जाएगा।
सभी विश्वविद्यालयों और उन महाविद्यालयों की टीमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगी जिनकी टीमें युवा उत्सव में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही हैं।

## पंचायत समिति सदस्यों ने की सरपंच के बराबर शक्तियां व मानदेय की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
पंचायत समिति फतेहाबाद के सदस्यों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उनकी शक्तियां सरपंचों के बराबर करने और मानदेय बढ़ाए जाने की मांग की है। इसको लेकर पंचायत समिति के अनेक सदस्य आज फतेहाबाद में उपायुक्त से मिलने पहुंचे और नगराधीश को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि अजय बरसीन, सदस्य हरभजन सिंह काताखेड़ी, भजन लाल अहलीसदर, राकेश कुमार अयाल्की, फकीर चंद मताना, संदीप भोडिया, सीताराम भिरड़ाना, विजेन्द्र बनगांव, विरेन्द्र एडवोकेट धांगड़, सुनील दरियापुर, सुभाष एमपी रोही, अमित धारनिया, ब्रह्मजीत करनौली, अनिल कुमार काजलहेड़ी आदि ने कहा कि हरियाणा में पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय केवल 1600 रुपये मासिक है जोकि इन सदस्यों के साथ भद्दा मजाक है। इतना मानदेय तो ग्राम पंचायत का पंच भी ले रहा है। सरकार द्वारा पंचायत समिति सदस्यों के साथ किए जा रहे भेदभाव से उनमें काफी रोष है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सरकार द्वारा सरपंचों का मानदेय 3 हजार से बढ़ाकर 5 हजार मासिक किया गया था जोकि अप्रैल 2023 से लागू हो गया है। पंचायत समिति सदस्यों ने मांग की है कि उनका मानदेय 1600 से बढ़ाकर 10 हजार रुपये मासिक किया जाए। इसके अलावा उन्होंने पंचायत समिति सदस्य का बजट 25 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ करने, उनकी शक्तियां सरपंचों के बराबर करने, पंचायत समिति सदस्य का कार्यकाल पूरा होने पर सरपंच की तरह सम्मान भत्ता देने, सदस्य की पंचायत के कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने, चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का भत्ता बढ़ाने, पंचायत समिति सदस्य के साथ कोई हादसा होने पर सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

## पुलिस ने फर्जी सीबीआई के डीएसपी को किया गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**शहर** थाना पुलिस ने सीबीआई का डीएसपी बन कर लोगों को नौकरी का झांसा दे राशि ठगी करते आनंद पर्वत कालोनी से एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से सीबीआई तथा नेशनल फोरेंसिक डेटा बेस इन्वेस्टीगेशन रिर्सच एंड डिवलप्मेंट का आई कार्ड बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में जुटी है। आनंद पर्वत कालोनी निवासी रामपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चार-पांच दिन पहले उसकी मुलाकात जानकार के माध्यम से गांव बधाना निवासी गुरूध्यान से हुई। गुरूध्यान ने खुद का परिचय सीबीआई का डीएसपी बताया और सीबीआई की खूफिया साइबर अपराधों की विशेष शाखा हिसार मे डयूटीरत बताया। गुरूध्यान ने बताया कि उसकी अधिकरियों तथा नेताओं से अच्छी जान पहचान है। विश्वास के लिए आई कार्ड भी दिखाए। जिस पर उसने गुरूध्यान को अधिकारी जान कर अपने बेरोजगार दामाद उचाना निवासी सोमदत्त को नौकरी लगवाने की बात कही। जिस पर गुरूध्यान ने सोमदत्त को नागरिक अस्पताल भूना मे डीसी रेट पर नौकरी लगवाने की बात कहते हुए उसके कागजात तथा फाइल चार्ज के अढ़ाई हजार रुपये राशि ले ली। एक लाख रुपये नौकरी ज्वायन करने के बाद देने की बात कही। जब उसने अपने तौर पर पता किया तो पता चला कि गुरूध्यान और भी चार-पांच लोगों से सीबीआई क्राइम ब्रांच का डीएसपी बन कर रुपये ऐंठ चुका है। अब वह और राशि लेने के लिए आनंद पर्वत कालोनी में आया हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरूध्यान को आनंद पर्वत कालोनी से काबू कर लिया।

## सुभाष बराला के नेतृत्व में निकाली गई भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
**हरियाणा** सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला के नेतृत्व में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए गुरुवार को टोहाना में शहीद सम्मान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में उमड़े.जनसैलाब ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। यात्रा की शुरूआत शहीद ओमप्रकाश मुवाल की धर्मपत्नी सोना देवी ने हरी झंडी दिखाकर की। तिरंगा यात्रा के दौरान देश की सेवा में शहीद हुए वीर जवानों के जन्मभूमि की मिट्टी के कलशों को यात्रा में शामिल किया गया। ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा अनाज मंडी टोहाना से शुरू होकर परशुराम चौक, चंडीगढ़ रोड, शहीद चौक, बस स्टैंड, वाल्मीकि चौक, रतिया रोड, अम्बेडकर चौक, सैनभगत चौक, दमकौरा रोड, काली माता मंदिर रोड, राम भवन, शूर सैनी चौक, कंवरसैन चौक से होते हुए वापिस अनाज मंडी में खत्म हुई। तिरंगा यात्रा के दौरान सुभाष बराला ने शहीदों के स्मारकों पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया। बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश की आजादी के लिए अपनी कुबार्नी देने वाले वीर शहीदों को याद करने, देशवासियों में देशभक्ति की प्रेरणा भरने के उद्देश्य से मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर एसडीएम ने गुर्जर शब्द पर लगाई टेप

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**गुरुवार** दोपहर बाद एसडीएम संजय कुमार ने कुरुक्षेत्र रोड चौराहे पर लगी सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के नीचे लगे पत्थर पर लिखे गुर्जर शब्द को टेप लगाकर ढक दिया। एसडीएम ने प्रतिमा के नीचे लिखे हुए गुर्जर चौक को भी ढक दिया। इस मामले में हाई कोर्ट का आदेश आने के सप्ताह भर बाद जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 3 अगस्त को कैथल में पैदा हुए सम्राट मिहिर भोज मूर्ति विवाद में चौराहे पर लगी मूर्ति को कवर करने के आदेश दिए थे। गुरुवार को एसडीएम संजय कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर उम्मेद सिंह के साथ कुरुक्षेत्र रोड पर




लगी सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा के पत्थर पर लिखा गुर्जर शब्द पर टेप लगाने के लिए पहुंचे थे। उनके साथ सीआईए वन इंचार्ज रमेश कुमार, सिविल लाइन थाना प्रभारी राजकुमार वह पुलिस फोर्स मौजूद थी। एसडीएम ने अदालत के आदेश के अनुसार मुख्य पट्टी पर लिखे शब्द गुर्जर पर टेप लगा दी। प्रतिमा के दोनों तरफ लिखे गुर्जर चौक को भी एसडीएम ने ढक दिया।

**गुर्जर समाज के लोगों ने जताया विरोध, एसडीएम से की अभद्रताः** जिस वक्त एसडीएम संजय कुमार सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति पर लगे पत्थर के एक शब्द को ढक रहे थे उसी समय खुद को गुर्जर वीर महासभा का राष्ट्रीय महामंत्री बताने वाले क्योड़क निवासी अमित आर्य मौका पर पहुंचे और हाईकोर्ट के आदेश दिखाने को कहा। उसने एसडीएम से अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि तुम्हारे पास कोर्ट का आदेश ही नहीं है।

**विवाद**

**गुर्जर समाज के युवकों ने मौके पर पहुंचकर एसडीएम से की अभद्रता, एसडीएम ने सूझबूझ से विवाद सुलझाया**

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पोस्टर (लोगो) का किया लोकार्पण

## नशा मुक्त अभियानः स्टेट टास्क फोर्स का होगा गठन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पोस्टर (लोगो) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्टेट टास्क फोर्स के गठन के संबंध में कहा कि जल्द ही स्टेट टास्क फोर्स का राज्य स्तर और जिला स्तर पर गठन किया जाएगा। इसमें साधु-संतों, सामाजिक संस्थाओं, पुलिस, बुद्धिजीवी वर्ग के साथ-साथ नशे के खात्मे में कार्य करने के इच्छुक लोगों को भी शामिल किया



जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति दिवस 26 जून, 2023 को राज्य स्तरीय नशा मुक्ति अभियान का आरंभ किया गया था। नशा मुक्ति के लिए प्रदेश में किसी भी तरह की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रदेश सरकार सामाजिक संस्थाओं को पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करेगी। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने पोस्टर (लोगो) का लोकार्पण किया और युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से संचालित की जा रही गतिविधियों के लिए विश्व शिक्षा निकेतन और सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन तथा करुणा वेलफेयर ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की। विश्व शिक्षा निकेतन की अध्यक्ष डॉक्टर साध्वी अमृता दीदी, सनराइज ग्लोबल फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनेंद्र वशिष्ठ, करुणा वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष मनीषा चौधरी ने मुख्यमंत्री को बताया कि नशे को जड़ से खत्म करने हेतु सामाजिक जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक (मंच) प्रतियोगिता (विद्यालय और महाविद्यालय) का आयोजन प्रदेशभर में करवाया जायेगा।
प्रतियोगिता का समापन विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2024 मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किया जाएगा।

**मुहिम**


**बुद्धिजीवी वर्ग के साथ-साथ नशे के खात्मे में कार्य करने के इच्छुक लोगों को भी टास्क फोर्स में शामिल किया जाएगा**

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के लिए दिशानिर्देश जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**राष्ट्रीय** स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उच्च-जोखिम गर्भधारण में मां, भ्रूण या नवजात शिशु के लिए खतरा रहता हैं। ऐसा माना जाता है कि लगभग 20-30 प्रतिशत महिलाएं इस श्रेणी से संबंधित हैं। उन्होंने बताया कि यदि हम प्रसूति संबंधी परिणामों में सुधार करना चाहते हैं, तो इस समूह की पहचान करने और उन्हें विशेष उपचार देने की आवश्यकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि ह्लकुछ सामान्य जोखिम कारक जो उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की संभावना को बढ़ा सकते हैं उनमें उच्च रक्तचाप, मिर्गी, एचबी के साथ एनीमिया <8 ग्राम/डेसीलीटर (8 के बराबर से कम), मधुमेह, किडनी रोग, हृदय की समस्याएं, कैंसर, अस्थमा, मूत्र पथ में संक्रमण, जुड़वा गर्भधारण, निचले प्लेसेंटल, पिछला सी-सेक्शन और पिछला गर्भपात शामिल है। उन्होंने बताया कि विशेष जोखिम कारक यह निर्धारित करेंगे कि उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था को कैसे प्रबंधित किया जाए। न्यूनतम 20 प्रतिशत एएनसी को प्रजनन बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) पोर्टल पर एचआरपी के रूप में पहचाना जा सकता है। प्रत्येक एचआरपी मामले की लाइन लिस्टिंग सभी स्तरों पर रखी जानी चाहिए- चिकित्सा अधिकारी (एमओ)/महिला स्वास्थ्य आगंतुक (एलएचवी)/सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ)/सहायक नर्स मिडवाइव्स (एएनएम) और मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) है। एक बार एचआरपी का पता चलने के बाद यह संबंधित आशा/एएनएम और सीएचओ की जिम्मेदारी है कि वह एचआरपी के 3 अतिरिक्त दौरे सुनिश्चित करें। आशा को हर बार एचआरपी केस के साथ सुविधा केंद्र तक जाना होगा।

## न्यूज फ्लैश

### स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए नियमित योग करना जरूरी: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रसिद्ध योग गुरु** दिनेश गुलाटी जो पिछले 18 सालों से करनाल और देश को स्वस्थ करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने अपने पांच दिवसीय मुंबई प्रवास के दौरान खुद भी योग किया और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित किया। उनका कहना है कि स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए नियमित योग करना जरूरी है। यदि इसे दिनचर्या में शामिल कर लिया जाए तो यह फिट रहने के लिए तो मदद करता ही है, साथ ही कई तरह की बीमारियों पर नियंत्रण रखता है। योग से हम छोटे-छोटे ऐसे कई रोगों का इलाज कर सकते हैं, जिनके लिए हम दवाइयां और डॉक्टर पर निर्भर हैं। दिनेश गुलाटी ने बताया कि योग को न केवल शहरों तक अपितु ग्रामीण अंचलों तक भी योग को पहुंचाने की आवश्यकता है। क्योंकि आधुनिक जीवन शैली के चलते आज लोग शारीरिक श्रम से दूर हो रहे हैं। विभिन्न प्रकार की सुविधाओं, यंत्रों और स्वचालित मशीनरी के कारण लोगों की कार्य करने की क्षमता कम हो गई है। इसलिए योग को नियमित रूप से अपनाने की आवश्यकता है। स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाना ही होगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं.: 94162 71181)

## वारित्रा फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'टेकड़ी-संवाद' से शुरूआत कार्यक्रम में की शिरकत

# महिलाओं से शिक्षा में न हो कोई भेदभाव: बंडारू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के राज्यपाल** बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि समाज व राष्ट्र की प्रगति के लिये महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी है। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिये। एक महिला के शिक्षित होने से दो परिवार शिक्षित होते हैं। शिक्षा से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं, जहां महिलायें अग्रणी न हों। राज्यापाल आज यहां डा. मंगलसेन आडिटोरियम में वारित्रा फाउंडेशन की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित 'टेकड़ी-संवाद' से शुरूआत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी, अनंत राज लिमिटेड के एमडी अमित सरीन, मेयर रेणू बाला गुप्ता और पैरा तैराकी में स्वर्ण पदक विजेता आयुषी ठकराल ने भाग लिया। परिचर्चा सत्र में आयकर विभाग अमृतसर




की मुख्य आयुक्त जहांजेब अख्तर, हिपा की ओएसडी एवं प्रेरक वक्ता अनीता कुंडू, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य डा. सुमन मंजरी और मीडिया प्रोफेशनल अनन्या गौड ने शिरकत की। इससे पहले राज्यपाल ने आडिटोरियम में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वारित्रा संस्था 5 साल से प्रदेश के गांवों में शिक्षा, महिला कल्याण व कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही है। महिलाओं में विश्वास जगाने के लिये ऐसे कार्यक्रम जारी रहने चाहियें। पुरूष प्रधान समाज के वर्चस्व को कम करने के लिये महिलाओं को ग्राम सभाओं में भी भागेदारी बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि देश की महिलायें दूरदर्शिता, उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलायें अनादिकाल से मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किये हैं। यह गर्व की बात है कि

**सशक्तिकरण**

**समाज में पुरानी जटिल व्यवस्थायें धीरे-धीरे बदल रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिये कौशल विकास को बढ़ावा दयिा जाना चाहिये**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी एक महिला हैं, जो एक छोटे से गांव से उठकर त्याग और तपस्या के बल पर देश के सर्वोच्च पद तक पहुंची हैं। बैंकिंग, अंतरिक्ष, विज्ञान, सिविल सेवा जैसे क्षेत्रों में महिलायें खुद को रोल मॉडल के रूप में स्थापित कर चुकी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिये अनेक योजनायें शुरू की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिंगानुपात में सुधार के लिये हरियाणा से शुरू की गई च्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओज्ज योजना के सार्थक नतीजे सामने आये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सराहना करते हुए कहा कि आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत अनुसूचित जाति व गरीब परिवारों को पहली बेटी के जन्म पर 21 हजार रुपये भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा कराये जाते हैं, जो 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर करीब एक लाख रुपये के रूप में वापस मिलते हैं। बेटियों के प्रति सोच को बदलना होगा। नासा से जुड़ी डा. स्वाति मोहन और संयुक्त राज्य अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस मेहनत के बल पर इस पद तक पहुंची हैं।

इससे पूर्व कौशल विकास मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि समाज में पुरानी जटिल व्यवस्थायें धीरे-धीरे बदल रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिये कौशल विकास को बढ़ावा दयिा जाना चाहिये। महिलाओं से अपील की कि वे कौशल विकास की विभिन्न योजनाओं का फायदा उठायें। इससे वे आर्थिक रूप से भी मजबूत होंगी।

## 4 ग्राम 500 मिलीग्राम स्मैक सहित दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**स्पेशल** स्टाफ असंध की टीम द्वारा दो आरोपियों को काबू किया गया है। आरोपियों से 4 ग्राम 500 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर रजवाहा पुल सालवन रोड असंध से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर जाते हुए आरोपी जयपाल पुत्र रामफल और योगेश मान पुत्र सुरेंद्र सिंह वासी बल्ला थाना मुनक को गिरफ्तार किया गया। इनसे 4 ग्राम 500 मिलीग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 12 हजार रुपए है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के



तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह स्मैक को रिफाइनरी पुल बल्ला के पास से कई दिन पहले सुलतान नाम के व्यक्ति वासी राणा माजरा से सेवन करने के लिए लेकर आए थे।

## चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन और** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से रोटावेटर, टुल्लू पंप की मोटर और चोरी में इस्तेमाल ट्रैक्टर बरामद किया गया।

चोरी के पहले मामले में सीआईए वन टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी रोहतास पुत्र साधू राम, लव कुमार पुत्र रोहतास और प्रवीण पुत्र रोहतास वासी गिसरपड़ी इंद्री को घीड से शेरगढ़ टापू के रास्ते पर जाते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया रोटावेटर और चोरी में इस्तेमाल ट्रैक्टर बरामद किया गया।



पुलिस जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी रोटावेटर को उत्तर प्रदेश में बेचने के लिए जा रहे थे और रास्ते में ही पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पाया गया कि शिकायतकर्ता सुधीर वासी फुरलक के खेत से 4 अगस्त को रोटावेटर चोरी हुआ था। इस संबंध में थाना घरौंडा में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

चोरी के दूसरे मामले में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर विकास उर्फ बल्लू पुत्र जगदीश वार्ड इंद्री को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई टुल्लू पंप की मोटर को बरामद किया गया। पुलिस जांच में पाया गया कि 4 अगस्त को शिकायतकर्ता सुमित कुमार वासी बीबीपुर जाटान इंद्री की दुकान से एक टुल्लू पंप की मोटर चोरी हो गई थी।

इस संबंध में थाना इंद्री में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में पाया गया कि आरोपी नशा पूर्ति के लिए चोरी करता है। सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिए: मनोज कुमार ग्रोवर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**रोजगार विभाग** हरियाणा के आदेशानुसार व्यावसायिक मार्गदर्शन के अंतर्गत स्कूल के विद्यार्थियों को भविष्य में अपनाए जाने वाले कोर्सों, प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय, ढाकवाला गुजरान एवं राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय, शेखपुरा सोहाना में वीरवार को एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में लगभग 196 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



सहायक रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ग्रोवर ने बताया कि छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिए, इससे तैयारी करने में आसानी होगी। बेहतर होगा कि 11वीं व 12वीं क्लास से ही जिस फील्ड में जाना हैं, उसकी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि आजकल कई तरह के कंपिटीशन होते रहते हैं, उनमें हिस्सा लें।

## राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**गन्नौर:** अगवानपुर रेलवे फाटक के पास वीरवार की सुबह दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए राहगीरों को दिखाया लेकिन शिनाख्त नही हुई। जीआरपी ने शव को शिनाख्त के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि जीआरपी को सुबह सूचना मिली थी कि अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच की। मृतक युवक की उम्र 25 साल है।

## पूर्व पार्षद व उसके भाई पर गन्नौर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**नगरपालिका द्वारा** कब्जा मुक्त करवाई गई जमीन की चार दीवारी का निर्माण कार्य रूकवाने के आरोप में पूर्व पार्षद व उसके भाई पर थाना गन्नौर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि पूर्व पार्षद अशोक सैनी व उसके भाई सतपाल सैनी ने चार दीवारी का निर्माण के लिए एजेंसी द्वारा मौके पर डलवाया गया सामान भी तोड़ दिया और उसे फोन पर धमकी भी दी। पुलिस ने एजेंसी के संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एजेंसी के संचालक अजय कुमार के अनुसार नगरपालिका की तरफ से उनकी एजेंसी को नगरपालिका की गढ़ी केसरी के निकट स्थित जमीन की चार दीवारी करने का टेंडर मिला था। जिसके चलते 29 जुलाई को उन्होंने निर्माण कार्य शुरू किया तो पूर्व पार्षद अशोक सैनी ने जमीन में निर्माण कार्य करने से रोक दिया। उसने कहा कि यह जमीन उनकी है और इस पर कोर्ट केस चला हुआ है। इसके बाद पूर्व पार्षद के भाई सतपाल सैनी ने 30 जुलाई को फोन पर जमीन पर काम न करने की धमकी दी थी। इसके बाद उसने दीवार के निर्माण के लिए करीब 80-90 हजार रुपए की निर्माण सामग्री मंगवा कर साइट पर रख दी थी। जब 3 अगस्त को निर्माण कार्य करने के लेबर भेजी तो वहा उनका सारा सामान टूटा हुआ मिला। पुलिस ने एजेंसी संचालक के ब्यान पर आरोपित आशोक सैनी व सतपाल सैनी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की उपस्थिती में शुरू करवाया निर्माण: पूर्व** पार्षद व उसके भाई द्वारा निर्माण कार्य रूकवाने के चलते बृहस्पतिवार को नगरपालिका के अधिकारी ड्यूटी मेजिस्ट्रेट तहसीलदार मनोज कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस बल भी उनके साथ मौजूद रहा। ड्यूटी मेजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में नगरपालिका ने एजेंसी के माध्यम से चार दिवारी का निर्माण शुरू करवाया गया।

## योग शारीरिक क्रियाओं से बढ़कर कहीं अधिक है: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी का पांच दिवसीय मुंबई प्रवास के बाद करनाल पहुंचने पर कृष्ण मंदिर योग कक्षा सेक्टर 14 में भव्य स्वागत किया गया। योग शिक्षक शिक्षकों ने उन्हें कुछ पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।
दिनेश गुलाटी ने अपने मुंबई प्रवास के अनुभव साझा किए और बताया कि उनका मिशन भारत के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना है। इसी मुहिम के अंतर्गत मुंबई में उन्होंने योग के लिए लोगों को प्रेरित किया और लोगों ने योग के



महत्व को समझा भी। योग के विषय में उन्होंने बताया कि योग का अर्थ है जोड़ना। योग शरीर, मन, ध्यान सांस लेने की तकनीकों को जोड़ता है। वर्तमान समय मे व्यस्त जीवन शैली के कारण योग करने की महता और भी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि योग से न केवल मन का तनाव दूर होता है, बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। योग शारीरिक क्रियाओं से बढकर कहीं अधिक है। मुख्य रूप से एक आध्यात्मिक अनुशासन है, जिसमें जीवन शैली में परिवर्तन आना महत्वपूर्ण है। सेक्टर 14 योग कक्षा में साधकों को अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए उन्होंने बताया कि योग एक कला के साथ-साथ विज्ञान भी है, क्योंकि यह शरीर और मन को नियंत्रित करने के लिए प्रणाली का काम करता है। इस कक्षा में योग शिक्षक बरखा जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, ईशा धवन, ईशा मुंगिया, सोनिया भाटिया और रितु गर्ग मौजूद रही।

## बुराईयों को दूर करने में जुटे समाजसेवी के भाई का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**लोगों के** बीच में पहुंचकर समाज को एकजुट व समाज के अंदर फैल रही बुराईयों को दूर करने के प्रयास में जुटे आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल की इस मुहिम को चौतरफा समर्थन मिल रहा है। वीरवार को हलके के नाहरा गांव में जयभगवान आंतिल की मुहिम का संदेश लेकर पहुंचे उनके भाई जयकुवार आंतिल का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और आश्वासन दिया कि वे समाज के पूर्ण विकास के लिए उनके साथ खड़े हैं। एक कार्यक्रम में पहुंचे आंतिल बाहारा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने कहा कि मानव एक सामाजिक प्राणी है। प्राणी इस जगत का सर्वाधिक विकसित जीव है और इस समाज के बिना उसका रहना कठिन ही नहीं असंभव है। माता-पिता, भाई-बहन, रिश्तेदारों आदि लोगों को मिलाकर इस समाज की रचना होती है। आंतिल ने कहा कि समाज के बिना मानव का पूर्ण रूप से विकास होना संभव ही नहीं है। लेकिन कुछ असमाजिक तत्व के लोग समाज को तोडने के लिए नफरत का जहर फैला रहे हैं, जिसे सभी ने समझना होगा। मानव होने के नाते जब तक हम एक-दूसरे के दुख दर्द में साथ नहीं निभाएंगे तब तक इस जीवन की सार्थकता सिद्ध नहीं होगी।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिले में हुए कार्यक्रम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश यादव** ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के समापन पर भारत सरकार द्वारा देशभर में मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांवों में शिलाफल्कम यानि शिलापट भी स्थापित करने का कार्य जोरों से चल रहा है। शिलाफल्कम पर अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम अंकित किए जा रहें है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला में ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए



जा रहे है। अभियान के दौरान स्कूलों में राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल करने लिए पांच प्रण लिए जा रहे है। इसी प्रकार से आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांवों में 75-75 पौधे लगाकर एक वाटिका बनाई जा रही है। कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्र सेनानियों व शहीद परिवारों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत वीरवार को जिले में अलग-अलग कार्यक्रमों की श्रृंखला में गांव भैनी खुर्द, छपर मुस्तरका, बदरपुर, बुढ?पुर खालसा, जैनपुर सधान, खेड़ी जाटान, मलिकपुर गडरियान, गड़ी खजूर, प्रेम नगर, बसताड़ा व जलालावीरान में शिलाफल्कम, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन, अमृत वाटिका, पौधारोपण, पंच प्रण शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अनीश यादव ने बताया कि इंद्री खंड के गांव बदरपुर में शिलाफल्कम, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन तथा पंच प्रण शपथ ली गई। इसी प्रकार गांव बुड?पर खालसा व जैनपुर सधान में शिलाफल्कम, वसुधा वंदन, पंच प्रण शपथ तथा अमृत वाटिका बनाई गई। गांव खेड़ी जाटान में अमृत वाटिका बनाई गई तथा वीरों का वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव मलिकपुर गडरियान, बसताड़ा व प्रेम नगर में पौधारोपण तथा पंच प्रण शपथ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

## संपादकीय

# सीमित संसाधनों पर जनसंख्या का बोझ

**भारत** की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्त्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है।

# नए जिलों का गठन कर गहलोत ने खेला मास्टर स्ट्रोक



रमेश सर्राफ धमोरा

> "मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल ही में 20 जिलों की जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की है। इसी तरह प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर वरिष्ठ कांग्रेसी जनों को पर्यवेक्षक लगा दिया गया है। जो उन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वहां के सभी कांग्रेस जनों को एक सूत्र में बांधकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने का काम करेगें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दोनों पैर के अंगूठे पर चोट लगी हुई है तथा पिछले 2 महीनों से वह घर पर ही रह कर काम कर रहे हैं। पैर में चोट लगी होने के उपरांत भी मुख्यमंत्री पूरी तरह से सक्रिय बने हुए हैं"

**राजस्थान में** 19 नए जिलों का गठन कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की राजनीति में मास्टर स्ट्रोक खेला है। वर्षों से राजस्थान में नए जिलों के गठन की मांग की जा रही थीं। मगर किसी भी सरकार ने नए जिलों के गठन का जोखिम उठाना मुनासिब नहीं समझा था। चुनावी साल में एक साथ 19 नए जिले व तीन नए संभाग बनाकर अशोक गहलोत ने प्रदेश की जनता को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे आम आदमी की प्रशासन तक पहुंच आसान होगी और उनके सरकारी काम तेजी से निष्पादित होंगे। नए जिलों के गठन से गहलोत को राजनीतिक रूप से भी बड़ा लाभ मिलने वाला है। राजस्थान में अभी तक कुल 33 जिले ही थे। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। राजस्थान से क्षेत्रफल व आबादी में छोटे कई प्रदेशों में जिलों की संख्या राजस्थान से अधिक थी। गहलोत ने नए जिलों का गठन कर भौगोलिक दृष्टि से भी प्रदेश में प्रशासन व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का काम किया है। राजस्थान का गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ था। उस समय प्रदेश में कुल 26 जिले थे। उसके 26 साल बाद 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग होकर धौलपुर को प्रदेश का 27 वां जिला बनाया गया था। 10 अप्रैल 1991 को कोटा से अलग होकर बारां को, जयपुर से अलग होकर दौसा को व उदयपुर से अलग होकर राजसमंद को एक साथ तीन नए जिले बनाए गए थे। उस समय राजस्थान में जिलों की संख्या बढ़कर 30 हो गई थी। 12 जुलाई 1994 को श्री गंगानगर से अलग होकर हनुमानगढ़ को 31 वां जिला बनाया गया था। 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग होकर करौली को 32 वां जिला बनाया गया था। 26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ को प्रदेश का 33 वां जिला बनाया गया था। उसके 15 साल बाद प्रदेश में एक साथ 19 नए जिलों का गठन एक नया इतिहास रचा गया है। जहां पिछले 72 वर्षों में प्रदेश में मात्र 7 नए जिलों का ही गठन हो पाया था। वहीं एक साथ 19 नए जिले बनाए गए हैं। जो अपने आप में एक नया रिकॉर्ड भी है। देश में अब उत्तर प्रदेश में 75 व मध्य प्रदेश में 52 जिलों के बाद तीसरे स्थान पर राजस्थान में 50 जिले हो गए हैं। राजस्थान में अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, फलौदी, केकड़ी, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल, नीमकाथाना, सलूंबर, सांचौर और शाहपुरा को नया जिला बनाया गया है। वही सीकर, पाली व बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है। अब राजस्थान में संभाग की संख्या भी 7 से बढ़कर 10 हो गई है।



राजस्थान में जैसलमेर सबसे बड़ा जिला व दूदू सबसे छोटा जिला बन गया है। राजस्थान में 19 नए जिलों के गठन के कारण 18 पुराने जिलों की भौगोलिक सीमा भी बदल गई है। राजस्थान में 2 महीने के बाद विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लग जाएगी। उससे पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार नई-नई योजनाओं को लांच कर नए कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं। प्रदेश में उन सभी परिवारों को विशेष राशन किट प्रदान किया जाएगा जो अभी तक राशन की दुकानों से निशुल्क गेहूं प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना का शुभारंभ आगामी 15 अगस्त से हो जाएगा। इसी तरह आगामी रक्षाबंधन से प्रदेश में महिलाओं को निशुल्क मोबाइल फोन वितरण का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। जिन परिवारों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला हुआ है उन के गैस सब्सिडी की राशि मुख्यमंत्री ने उपभोक्ताओं के खाते में डाल दी है। जिससे उन परिवारों को महंगाई से राहत मिल सकेगी। राजनीतिक रूप से भी मुख्यमंत्री गहलोत अधिकांश आयोग, निगम, बोर्ड का गठन कर चुके हैं। जिन सरकारी संस्थाओं में गैर सरकारी लोगों की नियुक्तियां की जानी है उसकी प्रक्रिया भी चल रही है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने हाल ही में 20 जिलों की जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति में उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की है। इसी तरह प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीटों पर वरिष्ठ कांग्रेसी जनों को पर्यवेक्षक लगा दिया गया है। जो उन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वहां के सभी कांग्रेस जनों को एक सूत्र में बांधकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट डलवाने का काम करेगें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दोनों पैर के अंगूठे पर चोट लगी हुई है तथा पिछले 2 महीनों से वह घर पर ही रह कर काम कर रहे हैं। पैर में चोट लगी होने के उपरांत भी मुख्यमंत्री पूरी तरह से सक्रिय बने हुए हैं। मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर ही कैबिनेट की मीटिंग कर विभिन्न योजनाओं का अनुमोदन कर उन्हें क्रियान्वयन करवा रहे हैं। प्रदेश में बड़े स्तर पर शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन प्रारंभ हो चुका है। जिनमें पूरे प्रदेश में लाखों लोग भाग ले रहे हैं। प्रदेश में बनाए गए नए जिलों में पहले ही आईएएस और आईपीएस अफसरों को ओएसडी लगाया गया था। अब नए जिलों का नोटिफिकेशन जारी होते ही उनका पद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का हो गया है। नए बनाए गए सभी जिलों में शीघ्र ही जिला स्तर के कार्यालय प्रारंभ किए जाएंगे। नए जिला बनने वाले क्षेत्रों में हजारों नए सरकारी कर्मचारियों की नियुक्तियां होगी। कई दर्जन जिला स्तरीय सरकारी कार्यालय खुलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रदेश में अभी और नए जिलों के गठन की मांग उठा रही है। इसको लेकर कई जगह धरने प्रदर्शन भी किए गए हैं। राजस्व मंत्री रामलाल जाट का कहना है कि राजस्थान में और नए जिले बनाए जाने की आवश्यकता है। इस बाबत उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा भी की है। आने वाले समय में राजस्थान में और कई नए जिले बन सकते हैं। राजस्थान में नए जिलों का गठन निश्चित तौर पर प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वर्तमान में राजस्थान का क्षेत्रफल 342239 वर्ग किलोमीटर है। जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.4 प्रतिशत है। जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान देश का सातवां प्रदेश है। राजस्थान की पाकिस्तान के साथ करीब 1070 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है।

इस कारण राजस्थान सामरिक दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण प्रदेश है। यहां के सीमावर्ती क्षेत्रों में यदि और नये जिलों का गठन होता है तो राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टि से भी सही होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजनीतिक लाभ हानि की परवाह किए बगैर नए जिलों का गठन कर एक ऐतिहासिक पहल की है। जिसका लाभ प्रदेश की जनता को हमेशा मिलता रहेगा।

## कविता

### तांडव

किस्मत के मारे हैं सारे
मणिपुर के वाशिंदे सारे
सूनी सड़कें, वीरान शहर है
चित्कार बहुत पर बहरापन है

आग लगी है घर-घर में
मौत का तांडव चौराहे में
राघव ही रखवाला अब तो
मानव का दीवालापन है

शहर में दिखता भीषण मंजर
निदोर्षों पर चलते खंजर
जान बचाना हुआ है दूभर
इंसानों का पागलपन है

नारी की अस्मत लूटी है
जनता की किस्मत फूटी है
वज्रपात की रेखा टूटी है
ये दहशत का वहशी पन है

ना कौरव है, ना पांडव है
ना कुरुक्षेत्र ना महाभारत है
ना केशव है, ना अर्जुन है
ना दुःशासन, ना दुर्योधन है

पर महाभारत जैसा रण दिखता है
घनघोर भयंकर क्षण दिखता है

विनोद शर्मा वेणु

# 'बलिदानियों ने दिखाई है राह उन्हें आजादी से उड़ने की

**शहीद**-ए-आजम भगतसिंह जी ने क्या शानदार लिखा है -'मेरे जज्बातों से इस कदर वाकिफ हैं मेरी कलम मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो भी, इंकलाब लिख जाता हैं !' 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व बिल्कुल नजदीक है और अगस्त का महीना आते ही हम सब भारतवासी स्वतंत्रता के जश्न में डूब जाते हैं। अगस्त का महीना हमारे देश की आजादी का महीना है, हर्ष, उल्लास, खुशी और उमंग का महीना है। साहिर लुधियानवी जी बड़े ही खूबसूरत शब्दों में अपनी कलम से यह लिखते हैं - 'क्या मोल लग रहा है शहीदों के खून का।मरते थे जिन पे हम वो सजा-याब क्या हुए।' स्वतंत्रता दिवस आता है तो हम यादों में डूब जाते हैं आजादी के परवानों की याद में। इस बार का आजादी दिवस अपने आप में बहुत ही खास, विशेष व महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में कुछ समय पहले ही हमारे देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 जुलाई 2023 को 'मन की बात' के 103वें संस्करण के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' महत्वकांक्षी अभियान की घोषणा की थी। हाल ही में नौ अगस्त से यह अभियान संपूर्ण भारत में शुरू हो चुका है तथा यह स्वतंत्रता दिवस के बाद 30 अगस्त तक जारी रहेगा। वर्तमान में इस अभियान के तहत संपूर्ण देश भर में हमारे देश के वीरों को याद करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बहुत अच्छी बात है कि सरकार ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के साथ इस बार स्वतंत्रता दिवस मनाने का कार्यक्रम बनाया है। इस बार हम 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं और इस बार का आजादी का पर्व कई मायनों में खास होने जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 में यानी कि पिछले वर्ष 13 से 15 अगस्त तक केंद्र सरकार द्वारा 'हर घर तिरंगा अभियान' की घोषणा की गई थी। इसके बाद देशभर में लोगों ने बड़े जोश, उत्साह, खुशी, उमंग से अपने घरों में तिरंगा फहराया था। इस बार यानी कि वर्ष 2023 में सभी देशवासी 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के साथ आजादी के पर्व को मनाने जा रहे हैं। अब यहां पाठकों को यह जानना बहुत ही जरूरी है कि आखिर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान है क्या ? तो इस संबंध में पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस अभियान के तहत हमारे देश के वीरों की स्मृति में अमृत सरोवरों के निकट ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम यानी कि स्मारक पट्टिकाएं स्थापित की जाएंगी। वास्तव में यह हमारे देश के वीर पुरुषों और महिलाओं के सम्मान में अभियान है। वर्तमान में अभियान पूरे जोर जोर से पूरे देश में चल रहा है और यह हमें गौरवान्वित महसूस कराता है कि इस अभियान के तहत हम हमारे अमर शहीदों की याद में देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। बच्चों, युवाओं को इससे नित नई प्रेरणा, देशभक्ति, जोश और जज्बा मिल रहा है।

## विचार

# ताकि जज्बा बना रहे समाज सेवा का

**आर.के. सिन्हा**

**मणिपुर** से लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की आने वाली खबरों के बीच एक बात की उम्मीद अवश्य जगाती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़,भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों का तो कसकर इलाज तो करना होगा ही, पर दंगों की चपेट में आए लोगों को इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाई। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है। देश प्रेम की भावना से ओत प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह से जब उनका परिवार देश के विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ. एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का कभी लक्ष्य भी धर्मांतरण नहीं रहा। धर्मांतरण तो ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे। मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ जा सकें। इसके अलावा, वे रक्तदान शिविर तो आयोजित करते ही है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव है। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है। मैं बिजनेस और इंडस्ट्री की गतिविधियों को भी फोलो करता हूं। इसलिए मैं कह सकता हूं कि बिजनेस करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। तमाम तरह की अड़चनों को पार करके आप बिजनेस करते हैं और फिर टैक्स देते हैं। यह सब करने के बाद समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्ता का होना बहुत बड़ी बात है। मैं दिल्ली में पृथ्वीराज रोड से गुजरते हुए दो शख्सियतों के घरों को देखकर कुछ पलों के लिए ठहर जाता हूं या मेरी नजरें झुक जाती हैं। मैं बात कर रहा हूं बाबा साहेब आंबेडकर और जेआरडी टाटा के घरों की। ये दोनों महान विभूतियां पृथ्वीराज रोड पर अलग-अलग समय में रहीं। दोनों ने हमारे देश को बेहतर बनाने में अपना ठोस रोल निभाया। जेआरडी टाटा ने टाटा समूह को खड़ा किया। उन्होंने देश में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्रों को भरपूर सहयोग किया। जहां तक बाबा साहेब की बात है तो उन्होंने देश को एक शानदार संविधान देने में अहम भूमिका निभाई। सरकार और समाज का दायित्व है कि वो समाज सेवा में लगी संस्थाओं और व्यक्तियों की हर मुमकिन मदद करें।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आंख मारने से फ्लाइंग किस्स तक रण

**किशन भावनानी गोंदिया**

**विश्व** की सबसे बड़ी जनसंख्या व सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 20 जुलाई से 11अगस्त 2023 तक लोकतंत्र के मंदिर में उच्च और निचले सदन में मानसून सत्र चल रहा है जिसपर भारत के 140 करोड़ जनसंख्या की 280 करोड़ आंखों सहित पूरे विश्व की नजरें लगी हुई है।कई महत्वपूर्ण बिल पास हुए हैं। हालांकि यह अलग बात है कि दिल्ली सर्विस बिल को छोड़कर सभी ध्वनि मत से ही पारित हुए हैं, ऊपर से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है जिसपर दो दिनों तक बहस हुई और माननीय पीएम इसका जवाब दे रहे हैं। हालांकि माननीय गृह मंत्री ने 9 अगस्त 2023 को संसद के पटल पर कहा कि वे देश के गृहमंत्री हैं इसका जवाब उनको देना उनका लोकतांत्रिक संवैधानिक अधिकार है। बता दें कि करीब-करीब पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ चुका है, परंतु दिनांक 9 अगस्त 2023 को संसद में बहस के दौरान विश्व सहित भारत की जनता ने एक महत्वपूर्ण बात को रेखांकित किया, जिसपर उसी शाम से ही दूरदर्शन सहित अनेक निजी टीवी चैनलों पर उस विषय पर चर्चा, डिबेट, वादवाद शुरू हो गयाहै मानो इससे बड़ा कोई और मुद्दा ही नहीं है वह मुद्दा था युवा नेता द्वारा फ्लाइंग किस्स करने की बात का !! मेरा मानना है कि सारे देश की जनता यह अंदाज लगा सकती है कि जो उनके मायने निकालकर संसद से सड़क तक, दूरदर्शन से निजी टीवी चैनलों तक जो मुद्दा बनाकर उभर रहा है, वह केवल बात का बतंगड़ ही माने जाने की संभावना है, इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि आज सबसे अधिक प्राथमिकता वाला मुद्दा मणिपुर है जिसके लिए हंगामें से लेकर अविश्वास प्रस्ताव तक का सफर तय किया गया है परंतु देश की जनता देख रही है बीस महिला सांसदों द्वारा अध्यक्ष महोदय को पत्र, केंद्रीय मंत्री द्वारा संसद में बयान, अन्य सांसदों के बयान, फिर विपक्ष द्वारा दिया गया बयान, इन सब की चर्चा हम नीचे करेंगे। इसपर मेरा मानना है कि इसका कोई औचित्य नहीं था, हालांकि इसके पूर्व 2018 में भी संसद के अविश्वास प्रस्ताव में आंख मारने वाला मुद्दा गूंज चुका है।

# इसे गिराओ उसे उठाओ

**डॉ. सुरेश कुमार**

सेक्रेटरी ने नेता जी की प्रतीक्षा में खड़े चार युवकों को भीतर बुलाया। नेता जी के पूछने पर चारों ने अपने नाम क्रमशः फेसबुकिया उर्फ लाइक-कमेंट्स, ट्विटर उर्फ कुहू-कुहू, यूट्यूब उर्फ हो हल्ला और वाट्सप उर्फ फॉरवर्ड बाबू बताया। सेक्रेटरी ने नेता जी की ओर से चारों को बुलाने का उद्देश्य समझाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से नेता जी छवि सोशल मीडिया पर बिगड़ सी गयी है। पार्टी कार्यालय में महिला कार्यकताओं से उनकी ऊँच-नीच हो गई थी। अब इस बिगड़ी हुई छवि को सुधारने की पूरी जिम्मेदारी तुम्हारे मजबूत कंधों पर है। तभी नेता जी का फोन बज उठा। फोन को कान से चेंपते हुए जवाब दिया - नहीं-नहीं ऐसी कोई बात नहीं है। वह तो यूँही बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। वह क्या है न कि सफेद कपड़े को सफेद बनाए रखना भी आज के जमाने में खतरों का खेल बनकर रह गया है। इसलिए मेरे बारे में आप जो कुछ भी अच्छा-बुरा सुन रहे हैं, उसे एक कान से सुनिए और दूसरे कान से निकाल दीजिए। हो सके तो दोनों कान में रुई ठूस लीजिए। इतना कहते हुए नेता जी ने फोन का लाल बटन दबाया और युवकों की ओर देखने लगे।नेता जी ने युवकों को धमकाते हुए कहा कि दुश्मन पार्टी के हमारे पुराने साथी आजकल सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुए जा रहे हैं। हमारे पुराने राज एक के बाद एक ताश के पत्तों की तरह बांटते जा रहे हैं। इससे हमारी छवि खराब हो रही है। आलाकमान बहुत जल्द पार्टी टिकट बांटने के चक्कर में है। उस समय जो नेता सबसे पॉपुलर होगा पार्टी उसी को टिकट देगी। अब पहले वाला जमाना नहीं रहा जब काम करने वाले को पार्टी का टिकट दिया जाता था। अब तो दिखावा करने वाले की आवभगत होती है। वैसे मेरा नाम भी टिकट के इच्छार्थियों में है। किंतु दूसरे नंबर पर। उसे नंबर वन पर लाना है। तुम लोगों को तो पता ही है कि आजकल हर कोई सोशल मीडिया का सहारा ले रहा है। सोशल मीडिया चाहे तो पल में कंकर को शंकर और शंकर को कंकर बना दे। तुम लोग जनता की नब्ज अच्छी तरह से जानते हो। ब

# तिरंगा अभियान: डाकघरों में मिलेगा तिरंगा

## राष्ट्रीय ध्वज 25 रुपये में मिलेगा, जिसका साईज 20 बाई 30 इंच होगा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गन्नौर की जैन** गली स्थित मुख्य डाकघर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज पहुंच गए है। अपने मकान की छत पर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंग लहराने के लिए मध्यम साईज का एक तिरंगा डाकघर में 25 रुपये देकर ले सकते है। डाकघर में अब राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री को लेकर व लोगों को जागरूक करने के लिए नोटिस भी डाकघर में लगा दिया है। सरकार द्वारा आजादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य से लोगों से घर पर तिरंगा प्रदर्शित करने का आग्रह करना है। सरकार का डाकघर में लोगों को तिरंगा उपल्बध कराने का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाकर उनमें राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।



डाक विभाग की माने तो जो तिरंग लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा वहं 20 इंच गुणा 30 इंच साइज का है। इसके अलावा गांवों में खुले डाकघर से भी डाक विभाग डाक डाकिए के माध्यम से तिरंगा झंडा खरीदने की व्यवस्था कर दी है ताकि लोगों को अपने घर बैठे ही तिरंगा मिल सके। इसके अलावा उपभोक्ता आनलाइन भी खरीद कर सकते हैं, जिसके लिए अतिरिक्त चार्ज नहीं लगेगा। इस बार भी उम्मीद है कि काफी संख्या में लोग डाकघर से तिरंगा खरीदेंगे।

**लहराएगा तिरंगा**

**डाकघर में अब राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री को लेकर व लोगों को जागरूक करने के लिए नोटिस भी डाकघर में लगा दिया**

**तिरंगे को डाक विभाग के ई पोर्टल पर आर्डर करके मंगा सकते है:** आनलाइन बुकिंग के लिए पोस्ट आफिस की और तिरंगा उपलब्ध कराने के लिए ई-पोस्ट आफिस डाट गर्वनमेंट डाट से मगा सकते है। इन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। किसी भी आर्डर पर डिलीवरी चार्ज नहीं लगाया जाएगा। तिरंगे में जो कपड़ा लगाया है। वह भी अच्छी कवालिटी का है।

**500 तिरंगे शहर में, 53 गांवों के सब डाकघरों में 50-50 तिरंगे भिजवाए : पोस्ट मास्टर**
गन्नौर डाकघर के पोस्ट मास्टर ने बताया कि शहर के लोगों के लिए 500 तिरंगे, 53 गांव के सब डाकघरों में 50-50 तिरंगे भिजवाए है।
अब तक 15 तिरंगे लोगों ने खरीदे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत पिछले साल की गई थी। लोगों ने 15 अगस्त पर अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाया था।

## न्यूज फ्लैश

### अविश्वास प्रस्ताव से सरकार के कारनामों की खुलेगी पोल: सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कांग्रेस** नेता सतपाल शर्मा ने कहा की लोकसभा में विपक्ष जो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया वह सरकार की पोल खोलने का काम करेगा। पिछले कुछ महीनों में देश के अंदर हिंसा और हिंदू मुस्लिम का खेल खेला जा रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी की सोची समझी राजनीति का एक हिस्सा है। बार बार गृहमंत्री से जवाब मांगने के बावजूद भी अमित शाह एक शब्द भी बोलने को तैयार नही थे, महंगाई पर कोई भाजपाई बोलना नही चाहता। देश के मौजूदा हालात पर चर्चा के लिए अविस्वास प्रस्ताव जरूरी था। अब देश में हो रही हर घटना का जवाब मोदी और अमित शाह को देना पड़ेगा। शर्मा ने कहा कि यह विश्वास प्रस्ताव संख्या बल कम होने के कारण गिर जाएगा, लेकिन वह सब सांसद बेनकाब हो जाएंगे जो सिर्फ देश हित की बात करते हैं । देश में हो रहे हालातों पर कुछ भी नहीं करते और आने वाले चुनाव में अपने क्षेत्र के लोगों को क्या जवाब देंगे। जब लोग पूछेंगे की जब देश में हिंदू मुस्लिम, महंगाई,हिंसा और देश जल रहा था तब आपने देश को जलने वालों के पक्ष में वोट किया था और ऐसे लोग जनता के सामने बेनकाब हो जाएंगे यही विश्वास प्रस्ताव का मकसद है।

### 15 अगस्त को पानीपत शहरी विधानसभा में निकालेंगे भव्य तिरंगा यात्रा: संजय

**पानीपत: पानीपत शहरी** विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के कार्यालय में पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने पानीपत की अनेकों संस्थाओं के साथ मीटिंग की गई। जिसमें 15 अगस्त को पानीपत बचाओ तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए चर्चा की गई। जिसमें सभी संस्थाओं ने तिरंगा यात्रा में शामिल होने को लेकर अपना समर्थन जताया और वही संस्थाओं के सभी साथियों द्वारा यात्रा का जगह-जगह पर स्वागत करने के लिए कार्यक्रम मांगा। जिसमें सभी संस्थाओं को समय एवं स्थान निर्धारित करें मीटिंग का समापन किया। वही मीटिंग के दौरान सभी साथियों ने विश्वास दिलाया कि 15 अगस्त की तिरंगा यात्रा आज तक की पानीपत की सबसे बड़ी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा होगी। आज मीटिंग के दौरान पानीपत की खाटू धाम ट्रस्ट, श्री श्याम लखदातार सेवा मंडल समिति, यूथ भाईचारा सेवा समिति, जय गौ माता सेवा समिति,श्री राम भगत हनुमान सभा,मां बनभौरी सेवा मंडल, प्रारंभ एक नई शुरूआत है, श्री गुरु रविदास सेवा समिति वार्ड नंबर 7, श्री श्याम प्रेमी परिवार मंडल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अग्रवाल वैश्य समाज, राष्ट्रीय बाल्मीकि संघ, हरियाणा गौ रक्षा दल, करने वाला श्याम करने वाला श्याम, युवा सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट, मां जगदंबे जुलाहा बस्ती, और नवयुवक वाल्मीकि सभा आदि शामिल रही।

### नवविवाहिता ससुरालियों के जेवर व नकदी लेकर हुई फरार, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला के** शहजादपुर में बिना तलाक के तीसरी शादी करने का मामला सामने आया है यहां तक की विवाहिता शादी के कुछ दिन बाद ही जेवर व नकदी लेकर चली गई। शहजादपुर निवासी गौरव गुप्ता ने बताया कि उसकी गांव बरवाला में कबाड़ी की दुकान है। उसके दोस्त अंकुश अरोड़ा उर्फ आशु के जरिए शेरगढ़ निवासी मंदेश से उसकी मुलाकात हुई। मंदेश ने अलका नामक युवती के बारे में बताया। उसने कहा कि मैं तुम्हारी इससे शादी करा दूंगा। गौरव गुप्ता ने बताया कि मई 2023 में आरोपी मंदेश ने उसकी मां व भाई से शादी की बात की। धोखाधड़ी की नीयत से आरोपी व उसके दोस्त श्याम ने अलका व उसके परिवार के बारे में बढ़ा चढ़ा कर बताया। कहा कि परिवार बहुत अच्छा है। शादी के बाद सारी जिंदगी खुशी से कटेगी। वे आरोपियों की बातों में फंस गए। 28 मई को यमुनानगर के बिलासपुर में अलका और उसकी मां से मुलाकात हुई। जब उन्होंने घर देखने की इच्छा जाहिर की तो टालमटोल कर दिया। गौरव ने बताया जल्दबाजी में शादी की तारीख पक्की कर ली गई। 4 जून को शादी होनी तय हुई। आरोपियों ने कहा कि शादी नारायणगढ़ में करनी है। हम सभी अपनी लड़की को लेकर नारायणगढ़ आ जाएंगे। शादी का सारा खर्चा लड़के वालों को ही करना होगा। अगले दिन आरोपी मंदेश उनके घर आया और रिश्ता कराने की एवज में 1 लाख रुपए की डिमांड की। 70 हजार रुपए एडवांस और 11 हजार रुपए शादी वाले दिन दिए। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही अलका घर से जेवर व नकदी लेकर फरार हो गई।

## 15 अगस्त को सम्मानित होगा जलबेड़ा का सुमित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**जल ही** जीवन मिशन के तहत 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आनंदपुर जलबेड़ा निवासी सुमित कुमार को सम्मानित किया जाएगा। इसको लेकर जहां एक ओर स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर है तो वहीं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इसे अंबाला के लिए एक बड़ी उपलिब्धी मान रहे है। सुमित कुमार की नियुक्ति 2015 में बतौर कम्पयूटर ऑपरेटर हुई थी। अपने कार्य को लेकर सहज और इमानदारी से कर्तव्य निभाते हुए जल सरंक्षण पर वह कार्य करते है। वह ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी के सदस्य है जब भी ग्राम सभाओं को आयोजन होता है उसमें अपनी उपस्थिति देते है तथा लोगों को जल सरंक्षण के लिए जागरूक करते है। सुमित कुमार ने बताया कि उन्हें गत दिवस जब पता चला



कि 15 अगस्त पर उन्हें व उनकी पत्नी पूजा को दिल्ली बुलाया गया है तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। उन्होंने कहा कि जल सरंक्षण के लिए हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि टयूबवैल चलाने के साथ-साथ डोजर चलाकर पेय जल में कलोरिन की उपस्थिति को देखने के लिए गांव के अलग-अलग घरों से पानी के नमूने लेते है। सभी को पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त हो। इसी के साथ ही यदि को तरूटी पाई जाती है तो उसकी जानकारी कनिष्ट अभियंता को भी दी जाती हैं।

## धनाना में हुई मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रधानमंत्री** मोदी द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों का वंदन अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत प्रत्येक गाँव में शिलाफलकम का निर्माण व अमृत वाटिका के तहत 75 पेड़ लगाये जाने है। जिसके तहत जिला अम्बाला खण्ड शहजादपुर के गाँव धनाना में मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत महाबीर प्रसाद एच०सी०एस० मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद एवं



डी०आर०डी०ए० अम्बाला द्वारा की गयी । जिसके तहत उनके द्वारा शिलाफलकम का उद्घाटन व अमृत वाटिका के तहत पौधारोपण की शुरूआत की गयी। उनके द्वारा ध्वजारोहण के साथ साथ पंच प्राण की शपथ दिलवाई व शहीद सिपाही स्वर्गीय साहिब सिंह की धर्मपत्नी सुनहेरी देवी को शाल देकर सम्मानित किया गया। बी०डी०पी०ओ० नेहा शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया व उनके द्वारा बताया गया की यह कार्यक्रम देश के लिए शहीद हुए वीरों को नमन करने का बहुत ही उचित माध्यम है व अमृत वाटिका से पर्यावरण संरक्षण होगा।
स्कूल के बच्चों द्वारा भी देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर सरपंच कैप्टन केहर सिंह, एसडीओ साहिल शर्मा, मुख्याध्यापक प्रवीण कुमार, खण्ड कार्यालय स्टाफ व बहुत से गाँव के सरपंच व गांववासी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ बच्चों से होता है स्वस्थ समाज का निर्माण: रजनी शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**स्वस्थ** भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के द्वारा राजकीय प्राथमिक विधालय सुन्दरपुर जिला कुरुक्षेत्र में पढ़ने वाले सभी बच्चों को डाबर टूथपेस्ट, टूथब्रश, डाबर वाटिका हेयर आयल वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधालय की मुख्याध्यापिका रजनी शर्मा ने की। उन्होने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया व आज के कार्यक्रम के लिए सेवा ट्रस्ट टीम कुरुक्षेत्र का धन्यवाद किया और कहा की स्वस्थ बच्चे ही शिक्षित होकर स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। बच्चों



को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की ट्रस्ट समाज में शिक्षा,स्वास्थ्य, रक्तदान, पौधारोपण और विधालय मे पढ़ने वाले बच्चो की करियर काउंसलिंग के कार्य करने में हमेशा तत्पर है ।अब संस्था ने सरकारी विद्यालय के सभी बच्चों के दांतों को स्वस्थ रखने का अभियान चलाए हुए है। क्योंकि अगर दांत स्वस्थ न हो तो कई प्रकार की बीमारियाँ लग जाती है।

## कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने लगने वाली फड़ियों पर जाताया रोष



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर बस स्टैंड पर लगने वाले रेहड़ियों फड़ियों के विरोध में आज कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने भी अपना रोष जताया है। कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि हर वीरवार को मार्केट बंद होती है। जिसके चलते यहां पर दुकानों के बाहर रेहड़ी फड़िया लगाई जाती है। जिससे आने जाने वाले लोगो को परेशानी होती है। लेकिन पुलिस कर्मी सिर्फ दुकानदारों को ही अपना सामान हटवाने के लिए बोलते है। लेकिन रेहड़ी फड़ी वालों पर कार्रवाई नहीं करते। दुकानदारों ललित कुमार का कहना है कि उसकी तोलियों की दुकान है और वह वीरवार को भी अपनी दुकान खुली रखते है। लेकिन वीरवार को रेहड़ी फड़ी लगाने वाले दुकानों के आगे अपनी फड़िया लगा लेते है लेकिन पुलिस कर्मी दुकानदारों को ही अपना सामान हटवाने के लिए कहते है जबकि उन्हे सभी के साथ सामान व्यवहार करना चाहिए।

## करंट लगने से शिवालिक कॉलोनी के वीपी सिंह की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** छत पर काम कर रहे युवक की छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त शिवालिक कॉलोनी निवासी वीपी सिंह के रूप में हुई है। शिवालिक कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई वीपी सिंह के घर टाईल लगाने का काम चल रहा था। वीपी सिंह सुबह साढ़े 7 बजे उसका भाई छत से ईंट उठा रहा था। इसी बीच छत के ऊपर से गुजर ही 11 हजार वोल्टेज ने उसके भाई को खींच लिया।

## ज्योतिबा फुले ट्रस्ट द्वारा बेटियों का पढ़ाई हेतु दाखिला भरा :रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक ) महात्मा ज्योतिबा** फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में बेटियों का बी ए. का दाखिला भरा गया। ट्रस्ट के ब्लॉक प्रधान तिलक राज नलवी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आठ बेटियों का दाखिला भरा गया। ट्रस्ट महिला प्रधान स्वीटी रंगा ने बताया कि ट्रस्ट हमेशा ही कार्य शिक्षा के लिए कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा ने बताया कि गरीब व जरूरतमंद बेटियों की शिक्षा को बढ़ाने के लिए हमेशा ट्रस्ट आगे रहती है।
ये बेटियां शिक्षा प्राप्त करके अपना भविष्य बना सकें।

## 'तख्त हजूर साहिब में एक गैर सिख को प्रशासक लगाना महाराष्ट्र सरकार की सोची समझी साजिश'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गत** दिवस एक विशेष मीटिंग श्री गुरू हरि गोबिंद साहिब हाई स्कूल नजदीक गु मंजी साहिब में ज. हरपाल सिंह मच्छौंडा मैंबर एसजीपीसी व ज. रणबीर सिंह फौजी सीनियर अकाली नेता ने तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नादेड़ में महाराष्ट्र सरकार ने सोची समझी साजिश के तहत कअर अफसर अभिजीत राय जो कि गैर सिख है को प्रशासक तैनात किया है जो कि सिख मयार्दा व सिद्धांत के विरुद्ध है व शरारत की गई है। सिखों के पांच तख्तों में से एक



तख्त जहां गुरू गोबिंद सिंह जी ने श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी को गुरगद्दी दी थी व सचखंड प्याना किया, वहां गुरू साहिब का अंगीठा साहिब भी है, ऐसे पावन स्थल पर अभिजीत राय को प्रशासक लगाना सिख मयार्दा के विपरीत एक षडयंत्र है। सिख किसी भी धड़े के हों, वे सब इस विषय पर संगठित हैं और इसकी भर्त्सना करते हैं। पुरजोर मांग की जाती है कि शीघ्रातिशीघ्र प्रशासक किसी सिख विद्वान अफसर को लगाया जाए नहीं तो यह एक आंदोलन का भयानक रूप धारण कर सकता है।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, सीआईए थ्री पुलिस टीम ने खोजकीपुर यमुना पुल के नजदीक एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**सीआईए थ्री** प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को गश्त के दौरान खोजकीपुर यमुना पुल के नजदीक शराब ठेके के पास मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक यमुना नदी की और से पैदल पैदल गांव की तरफ आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए शराब ठेके के नजदीक नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक संदिग्ध किस्म का युवक यमुना नदी की



और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी नितिन पुत्र ऋषिपाल निवासी खोजकीपुर कला के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई लोअर की जेब से अवैध एक देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि आरोपी नितिन के खिलाफ थाना बापौली में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। शौंक पूरा करने के लिए वह उक्त देसी पिस्तौल करीब 2 महीने पहले यूपी के कांधला में एक अज्ञात युवक से 3 हजार रूपए में खरीदकर लाया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ उसने उक्त देसी पिस्तौल से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गत जुलाई महीने में गांव में हवाई फायर कर पड़ोसी को धमकी देने की भी वारदात को अंजाम दिया था। वारदात बारे थाना बापौली में मुकदमा दर्ज है। इसके अतिरिक्त आरोपी का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। आरोपी के खिलाफ झपटमारी व जानलेवा हमला के तीन मुकदमें दर्ज है। उक्त मामलों में आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था। पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी नितिन को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## कर्मचारी फेडरेशन का डीसी दफ्तर पर महापड़ाव दूसरे दिन भी रहा जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मांगो** के चलते दूसरे दिन भी सर्वकर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने अपना महापड़ाव डीसी ऑफिस में जारी रखा। सीटू नेता सतीश सेठी, रमेश नन्हेड़ा एटक नेता ओम प्रकाश,जयबीर घणघस, ने श्रमिको, परियोजना वर्कर्स तथा अस्थाई व स्थाई कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार को चेतावनी देते हुए दो टूक कहा कि जनविरोधी नीतियों को बदलो वरना जनता द्वारा बदल दिए



जाओगे। उन्होनें कहा कि सरकार अपने ही कर्मचारियों के साथ गैरों जैसा सलूक कर रहीं है।
उन्होंने महापड़ाव में उठाई गई मांगो न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू करने, सभी कच्चे कर्मचारियों व वर्कर्स को पक्का करने। सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खाद्य सुरक्षा व आवास की गारंटी देने।

**प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई इससे संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रोफेसर कनक शर्मा ने दी**

## छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आईबी स्नातकोत्तर** महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रामेश्वर दास और डॉ. किरण मदान के निर्देशन में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यतः विद्यार्थियों को महाविद्यालय की समस्त गतिविधियों, संरचनाओं व पाठ्यक्रम से अवगत कराने के लिए आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सत्र के आरंभ में आयोजित किया जाता है जो विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता है। इस कार्यक्रम में कला संकाय



की सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की साथ ही महाविद्यालय में परीक्षा संबंधित व अन्य कार्यकलापों से संबंधित जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर अजय कुमार गर्ग ने किया उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ज्ञान हमें प्रकाश की ओर ले जाता है प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मां-बाप व गुरु से अच्छा कोई ओर नहीं हो सकता यह आपके जीवन में सबसे अच्छे मार्गदर्शक हैं।
उप प्राचार्या प्रोफेसर रंजना शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि अनुशासित जीवन ही उन्नति प्राप्त करता है ।डॉ.सुनित शर्मा ने परीक्षा संबंधित मापदंडों से विद्यार्थियों को अवगत कराया । पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का महत्वपूर्ण अंग है पुस्तकों के अध्ययन से हमारा ज्ञानवर्धन होता है इसकी जानकारी डॉक्टर प्रवीण ने विद्यार्थियों को दी । महाविद्यालय में होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे नृत्य ,गायन इत्यादि से संबंधित जानकारी डॉक्टर निधान सिंह ने विद्यार्थियों को दी । प्रथम सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई इससे संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रोफेसर कनक शर्मा ने दी। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर निधि मल्होत्रा ने किया ।कार्यक्रम में आट्र्स विभाग से डॉ. शशि प्रभा ,डॉ. नीलम ,डॉ. पूनम मदान ,डॉ. सीमा, डॉ.सुनीता, डॉ. निधि मल्होत्रा व कला संकाय से संबंधित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# विस सत्र में प्रश्नोत्तर काल न रखने से भाजपा नाराज

## एलजी से संवैधानिक हितों की सुरक्षा की मांग की, विपक्ष की आवाज दबाई जा रही





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** सेवा बिल आने के बाद दिल्ली सरकार ने विधानसभा सत्र (विस सत्र) बुलाया है। भाजपा ने इसे संवैधानिक हितों के खिलाफ बताया है मामले की शिकायत करने के लिए गुरुवार को भाजपा का प्रतिनिध मंडल उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिला। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि सत्रों में कार्यवाही संविधान के अनुसार नहीं होती है। विपक्ष की आवाज दबाई जाती है। दरअसल, स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन शुरू होने वाले दिल्ली विधानभा सत्र में भाजपा दिल्ली सरकार से कई मुद्दों पर जवाब मांगने की तैयारी में है। भाजपा विधायक दल कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है। 16 और 17 अगस्त को आयोजित होने वाले इस सत्र में भाजपा दिल्ली के कई मुद्दे पर चर्चा की मांग करेगी। भाजपा ने सरकार पर यह भी आरोप मढ़ा है कि दो दिन का सत्र सारे नियम-कायदों को तोड़कर बुलाया जा रहा है। बावजूद केजरीवाल सरकार की हर समस्या पर विफलता को पार्टी उजागर करेगी। प्रदेश भाजपा ने दिल्ली के उपराज्यपाल से विधायकों के संवैधानिक हितों की रक्षा करने का भी अनुरोध किया है। भाजपा ने कहा है कि सत्र में इस बार भी प्रश्नोत्तर काल न रखने का फैसला संविधान के अनुरूप नहीं है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली में इस साल बाढ़ आई और प्रत्येक नाजुक मौके की तरह इस बार भी आप सरकार नाकाम साबित हुई। बाढ़ के बाद आई फ्लू और डेंगू तेजी से फैल रहा है। दिल्ली में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 348 पहुंच गई है। इस मुद्दे का विपक्ष जवाब देने को मजबूर करेगा।

### प्रस्ताव पर फर्जी दस्तखत सिर्फ अफवाहः राघव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आप** के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को कहा कि उनके खिलाफ जो फर्जी दस्तखत कराने की शिकायत की गई है, वह सिर्फ अफवाह है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राघव चड्ढा ने दिल्ली सर्विस (अमेंडमेंट) बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने का जो प्रस्ताव राज्यसभा में पेश किया, उसमें सांसदों के फर्जी दस्तखत कराए। भाजपा की शिकायत के बाद यह मामला संसद की विशेषाधिकार समिति के पास जांच के लिए भेजा गया है। राघव चड्ढा ने पार्टी नेता संजय सिंह के साथ गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भाजपा लगातार दुष्प्रचार कर रही है, झूठ बोल रही है। सच बताने के लिए मुझे सामने आना पड़ा। राघव चड्ढा ने एक दस्तावेज मीडिया को दिखाया। चड्ढा ने कहा- यह राज्यसभा सेक्रेटेरिएट का बुलेटिन है।

**शिकायत**

**भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि सत्रों में कार्यवाही संविधान के अनुसार नहीं होती है**

# सुप्रीम कोर्ट में एंट्री पास बनवाना हुआ आसान, ऐप सुस्वागतम लांच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में एक नए ऐप सुस्वागतम को लांच किया गया है। सुस्वागतम नाम के ऐप से अब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए एंट्री पास बनवाना आसान हो गया है। सुप्रीम कोर्ट में एंट्री पास बनवाने के लिए काउंटर पर लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर सुस्वागतम के जरिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की है, जिसके जरिए जहां से विजिटर्स एक दिन पहले ही ऑनलाइन पास हासिल कर सकते हैं। चाहे एक दिन एक हफ्ते या एक महीने कोई भी पास मिल सकेगा।

# संस्कृति मंत्रालय 'हर घर तिरंगा' बाइक रैली का करेगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश में 13 -15 अगस्त तक पूरे देश में "हर घर तिरंगा" मनाया जाएगा, जिसमें लोगों को अपने परिसरों में झंडे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संस्कृति मंत्रालय की हर घर तिरंगा अभियान को व्यापक पहुंच देने के मकसद से शुक्रवार को सुबह आठ बजे नई दिल्ली के प्रगति मैदान में मंत्रियों एवं सांसदों के साथ तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। इसे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक बाइक रैली प्रगति मैदान से शुरू होकर इंडिया गेट सर्कल, कर्तव्य पथ को पार करते हुए इंडिया गेट का एक चक्कर पूरा करेगी और मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में समाप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' स्वतंत्र भारत के 75 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में चलने वाला एक उत्सव है। नागरिकों को अपने घरों में भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 13 से 15 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया गया था।




# पति से संबंध के शक में बड़ी ने छोटी बहन पर चला दी पिस्तौल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर** पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। पति से संबंध रखने के शक में बड़ी बहन ने छोटी बहन की जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी बड़ी बहन सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शास्त्री पार्क इलाके में बड़ी बहन ने की छोटी बहन को गोली मारने की कोशिश। शास्त्री पार्क के सुमाइला निवासी बुलंद मस्जिद के पास की घटना है। जहां 20 साल की छोटी बहन पर 30 साल की बड़ी बहन ने देसी पिस्तौल से गोली मार दी। छर्रे उसके चेहरे पर लगे हैं। इतना ही नहीं सोनू ने बंदूक की बट से उसके सिर पर कई वार किए। अभी हमले के पीछे का कारण पता नहीं चला है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, सोनू को शक था कि उसकी छोटी बहन सुमाइला का उसके पति के साथ संबंध हैं।

सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 307 और 25/27 शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



# जी-सोनी के विलय को एनसीएलटी की मंजूरी

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र की कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (पूर्व में सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया) के विलय को मंजूरी दे दी है। इस विलय को लेकर दायर सभी आपत्तियों को भी खारिज कर दिया गया है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने गुरुवार को दोनों कंपनियों के विलय की मंजूरी देकर 10 अरब डॉलर की मीडिया कंपनी के अस्तित्व में आने का रास्ता खोल दिया है। ये अपने क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी कंपनी होगी। एच. वी. सुब्बा राव और मधु सिन्हा की पीठ ने इस विलय को लेकर दायर सभी आपत्तियों को खारिज कर दिया है।

# दहेज लोभियों ने ले ली बहू की जान, हिरासत में पति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नंद** नगरी में 26 साल की एक नवविवाहिता रिंकी रानी ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, लेकिन परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मां के बयान पर मामला दर्ज कर पति आनंद को हिरासत में लिया है। बाकी ससुराल वालों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, हर्ष विहार निवासी रिंकी की 17 फरवरी को सुंदर नगरी निवासी आनंद से शादी हुई थी। रिंकी की मां निर्मला देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि घर का सामान और जेवर देने के अलावा उन्होंने 10 लाख रुपये आनंद के परिवार को दिए थे। शादी के एक माह तक सब ठीक चला। इसके बाद रिंकी को परेशान करना शुरू कर दिया गया। बड़ी कार मांगी जाने लगी। मना करने पर रिंकी को बुरी तरह पीटा जाता था। रिंकी ने मां को फोन कर पिटाई की बात बताई थी। इस बीच मंगलवार शाम को पड़ोसी ने रिंकी के फंदा लगाने की सूचना मां को दी। अस्पताल से मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस और क्षेत्रीय एसडीएम को दिए बयान में परिवार ने रिंकी की हत्या का आरोप लगाया है।

# हमें प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से रोका गया: विनेश फोगाट

## राजघाट पर धारा-144 लागू, जल्द होगा नई तारीख का एलान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली के राजघाट पर पहलवानों की प्रेस कॉफ्रेंस से पहले धारा-144 लागू कर दी गई है। विनेश फोगाट ने कहा कि हमें प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से रोका गया है। विनेश फोगाट ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि पुलिस ने धारा 144 लगा दी है। हमें पीसी करने से रोका गया है। अगली प्रेस कॉन्फ्रेंस के बारे में आपको सूचित किया जाएगा। जल्द ही पीसी का टाइम और तारीख का ऐलान किया जाएगा। राजघाट पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। महिला पहलवान विनेश फोगाट ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि गुरुवार को पहलवान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा था कि दिल्ली के राजघाट पर दोपहर साढ़े 12 बजे वह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली हैं। उनके साथ बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक भी मौजूद होंगी। इससे पहले बीते बुधवार को महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में आरोपी भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान प्रमुख और भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह अदालत ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि यौन इरादे के बिना किसी महिला को गले लगाना या छूना अपराध नहीं है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल की कोर्ट में अपने खिलाफ आरोप तय करने का विरोध किया। वकील की ओर से दलीलें दी गईं।




**यौन शोषण**

**विनेश फोगाट ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि पुलिस ने धारा 144 लगा दी है। हमें पीसी करने से रोका गया**

# राहुल गांधी की फ्लाइंग किस से बृजभूषण पर स्वाति का निशाना

## पीछे बैठे एक शख्स पर गुस्सा क्यों नहीं आताः स्वाति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे बृजभूषण सिंह पर निशाना साधा है। उन्होंने संसद में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान पक्ष पर फ्लाइंग किस की थी। जिसको लेकर काफी विवाद हो रहा है। उनके इसी विवाद पर स्वाति मालीवाल ने बृजभूषण सिंह को घेर लिया।

**स्वाति मालीवाल ने बृजभूषण पर साधा निशानाः** डीसीडब्ल्यू चीफ स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर लिखा कि हवा में फेंकी हुई एक कथित फ्लाइंग किस से इतनी आग लग गई है। दूसरी रॉ में पीछे एक आदमी बृजभूषण बैठा हुआ है। जिसने ओलम्पियन पहलवानों को कमरे में बुलाकर छाती पर हाथ रखा था, कमर पर हाथ रखा और यौन शोषण किया। उस आदमी के ऊपर गुस्सा क्यों नहीं आता है। हवा में फेंकी हुई एक कथित फ्लाईंग किस से इतनी आग लग गई। 2 बेंच पीछे एक आदमी बृजभूषण बैठा हुआ है। जिसने ओलम्पियन पहलवानों को कमरे में बुलाके छाती पे हाथ रखा, कमर पे हाथ रखा और यौन शोषण किया। उसके करे हुए पे गुस्सा क्यों नहीं आता?

**सत्ता पक्ष की ओर राहुल ने की थी फ्लाइंग किसः** जानकारी के लिए बता दें कि संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में अपने भाषण के बाद सांसद राहुल गांधी सदन से बाहर जाने लगे तो बीजेपी सांसद उनसे पूछने लगे कि वह बाहर क्यों जा रहे हैं। जिसके बाद राहुल गांधी तुरंत मुड़े और सत्ता पक्ष की ओर फ्लाइंग किस कर दी।

**स्पीकर से राहुल की शिकायतः** इसके बाद इसको लेकर काफी विवाद हुआ। महिला सांसदों का आरोप है कि राहुल गांधी ने उनको देखकर फ्लाइंग किस की थी। भाजपा महिला सांसदों ने स्पीकर से राहुल गांधी की इस हरकत के लिए कार्रवाई की मांग की है।

**तंज कसा**

**स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर लिखा कि हवा में फेंकी हुई एक कथित फ्लाइंग किस से इतनी आग लग गई है**

# गर्लफ्रेंड पर टिप्पणी, युवक की चाकू मारकर की हत्या

## मॉल बुलाकर पहले पीटा, फिर चाकू से कर दिया लहूलुहान, अस्पताल में तोड़ा दम

**वारदात**

**आरोपी सोहिल (22) गर्लफ्रेंड के साथ बैठा हुआ था। वहां से जाते समय कैफ ने लड़की पर टिप्पणी कर दी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजौरी** गार्डन में गर्लफ्रेंड पर टिप्पणी करने पर दोस्त ने मोहम्मद कैफ (22) की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि वारदात सिटी स्क्वायर मॉल के बाहर हुई, लेकिन परिजन एक क्लब के भीतर हत्या की बात कह रहे हैं।

**मॉल में गर्लफ्रेंड के साथ बैठा था आरोपीः** कैफ काम का भुगतान लेने के लिए क्लब आया था। बाहर निकलते समय मॉल की सीढ़ियों पर आरोपी सोहिल (22) गर्लफ्रेंड के साथ बैठा हुआ था। आरोप है कि वहां से जाते समय कैफ ने लड़की पर टिप्पणी कर दी। इसी बात पर झगड़ा हुआ और कैफ की दोनों जांघों में चाकू मारे गए। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां अधिक खून बहने से सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तारः** पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सोहिल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, खजूरी खास की श्रीराम कालोनी निवासी कैफ के परिवार में पिता समीरुद्दीन, मां रूबीना, तीन छोटे भाई, दादा-दादी और अन्य सदस्य हैं। कैफ के पिता का फर्नीचर का कारोबार है। कैफ सोफा बनाता था। कुछ दिनों से राजौरी गार्डन के मॉल में उसका काम चल रहा था। उसने क्लब के सोफे बनाए थे।

# युवक को मोबाइल दोस्त को देने से इनकार करना पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

शास्त्री पार्क इलाके में एक युवक को अपना मोबाइल दोस्त को देने से इनकार करना भारी पड़ गया। दोस्त ने इस बात से नाराज होकर युवक के सीने में चाकू घोंप दिया। घायल हालत में अंकुर उर्फ मोंटू को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**एक हफ्ते पहले साप्ताहिक बाजार से खरीदा था मोबाइलः** पीड़ित की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में प्राथमिकी की है। आरोपित की तलाश में छापेमारी कर रही है। अंकुर अपने परिवार के साथ उस्मानपुर दूसरा पुश्ता पर रहता है। वह जामा मस्जिद क्षेत्र में नौकरी करता है। एक माह पहले उसने अपने दोस्त अमित के साथ लालकिले के पास रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार से मोबाइल खरीदा था। आरोप है कि अमित ने अपने दोस्त से उस मोबाइल को चलाने के लिए कई बार मांगा था। लेकिन वह हर बार बहाना बनाकर मामला टाल देता था। इसको लेकर अमित की अपने दोस्त से कई बार कहासुनी भी हुई थी। अंकुर पुरानी दिल्ली से ऑटो से अपने घर लौट रहा था। जब वह पुश्ता पर ऑटो से उतरा तो उसे अमित ने घेर लिया और उससे मोबाइल छीनकर भागने लगा। इसका विरोध करते हुए कुछ दूर पीछा कर अमित ने उसे पकड़ लिया और उससे मोबाइल वापस ले लिया। इसपर उसके दोस्त ने उसे अंजाम भुगतने की धमकी दी और चाकू निकाल कर उसके सीने में घोंप दिया।

# पीएम मोदी के हर घर तिरंगा आह्वान से हुई अब्दुल की चांदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**स्वतंत्रता** दिवस करीब है, ऐसे में लोगों में देशभक्ति की भावना हिलोरे लेने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान का असर इस वर्ष भी खूब देखने को मिल रहा है। तिरंगा बनाने वाले व्यापारियों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार दो से तीन गुणा अधिक कारोबार होने का अनुमान लगाया है। ऐसे में व्यापारियों में उत्साह देखते ही बन रहा है। झंडे की बढ़ती मांग को देखते हुए इनके दाम में 20 से 30 प्रतिशत का उछाल देखने को मिल रहा है। मोदी के आह्वान से सदर बाजार के तिरंगा झंडा बनाने वाले व्यापारी अब्दुल गफ्फार की चांदी हो गई है। सदर बाजार में झंडे वाले चाचा के नाम से मशहूर 72 वर्षीय अब्दुल गफ्फार बताते हैं कि इस बार ग्राहक झंडों की मुंह बोली कीमत चुकाने को तैयार हैं। पिछली बार के मुकाबले इस बार तिरंगे झंडे के काफी ऑर्डर मिले हैं। यहां तक की कई ग्राहकों को समय न होने के चलते वापस लौटाना पड़ रहा है। वह बताते हैं कि इस वर्ष लगभग 50 लाख से अधिक के व्यापार की उम्मीद है।

**कारोबार बढ़ा**

**पिछली बार के मुकाबले इस बार तिरंगे झंडे के काफी ऑर्डर मिले हैं: 72 वर्षीय अब्दुल गफ्फार**




**डेढ़ हजार महिलाओं को मिल रहा रोजगारः** झंडा सिलने वाले अब्दुल सलाम बताते हैं कि उनके यहां करीब डेढ़ हजार महिलाओं को रोजगार मिलता है। वह कहते हैं कि बाजार की रौनक देखते हुए इस बार अच्छे काम की उम्मीद है। झंडा सिलने वाली सुनीता बताती हैं कि पहले वह घर में खाली बैठती थी, कई बार झंडा बनाने के लिए लोग आए लेकिन इस बार उन्हें अधिक आमदनी होनी की उम्मीद है। वह कहती हैं कि वह दिनभर में 50 के करीब झंडे सिल देती हैं। एक माह की कमाई उनकी सात से आठ हजार रुपये के करीब होती है।

**चाचा के झंडों ने देखा आपातकालः** बाजारों के साथ ही दिल्ली की सड़कें तिरंगा के रंग में रंगने लगी हैं। सदर बाजार के चूना मंडी की संकरी गलियों में बने छोटे-छोटे कमरों में बड़ी संख्या में झंडे सिले जा रहे हैं। यहां हरदोई, लखनाऊ, आगरा के कारीगर दिन-रात मेहनत कर झंडे सिल रहे हैं। यहां की गलियां तिरंगा रंग में रंगी नजर आ रही है। गफ्फार बताते हैं कि वह करीब 52 सालों से तिरंगा झंडा बना रहे हैं। उनके द्वारा बनाए गए तिरंगे ने आपातकाल, अटल वाजपेयी सरकार व अन्न हजारे के आंदोलन के दौर को भी देखा है।

# जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984** के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस के पूर्व नेता जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत दे दी है। जगदीश टाइटलर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअली कोर्ट में पेश होने की इजाजत मांगी थी। इस मामले में पूरक चार्जशीट पर कल यानी 11 अगस्त को सुनवाई होगी। जगदीश टाइटलर 05 अगस्त को कोर्ट में पेश हुए थे और अपना बेल बांड भरा था। 05 अगस्त को कोर्ट के बाहर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत देने के कोर्ट के आदेश पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया था। 04 अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत दी थी। स्पेशल जज विकास ढल ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया था। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 26 जुलाई को जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने टाइटलर को आज कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। सीबीआई ने इस मामले में टाइटलर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 109 और 302 के तहत लगाया है। सीबीआई के मुताबिक टाइटलर ने भीड़ को उकसाया था।



# डीडीए की जमीन पर टैक्सी वालों का अवैध कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां** एक ओर तो सरकार खेलो इंडिया के नारे के तहत खेलों को बढ़ावा देती है, वहीं दूसरी ओर ड़ीड़ीए की लापरवाही के चलते लोगों ने ड़ीड़ीए के पार्कों को पार्किंग में तब्दील कर दिया हैं। यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सार्वजनिक पार्कों की हकीकत है, जिसका सबसे ज्यादा सामना बच्चों को करना पड़ रहा हैं। आवासीय कॉलोनियों के पार्क या तो पार्किंग के लिए उपयोग में लाए जाते हैं या फिर अतिक्रमण के शिकार हैं।







आपकों बतादें कि अब तो हालत और भी खराब हो गए है, इससे न सिर्फ बच्चों के खेल के मैदान छिन रहे हैं, बल्कि बुजुर्गों को भी आम दिनों में सुबह की सैर के लिए जगह नहीं मिल पा रही है।

**क्या हैं मामला:** ऐसा ही एक मामला पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-48 स्थित का प्रकाश में आया हैं। जहां पर डीडीए के पार्क में काफी लंबे समय से टैक्सी वालों ने अपना कब्ज़ा जमा रखा हैं। इतना ही नहीं टैक्सी वालों ने इस डीडीए के पार्क में एक ओर तो अवैध रूप से टैक्सी स्टैंड बना लिया हैं, बल्कि डीडीए की जमीन पर गैर कानूनी तरीके से झुग्गियां भी बसा दी गई हैं। अब इसे डीडीए की लापरवाही कहें या फिर प्रशासन की कमज़ोरी। जिसके चलते डीडीए के संबधित अधिकारी खामोश बैठे हुए हैं।

**क्या कहते है डीडीए प्रवक्ता:** विजय शंकर पटेल, प्रवक्ता डीडीए ने बताया कि मुझे अभी मामले की जानकारी नहीं हैं, मामले से संबंधित अधिकरी से बात करने के बाद ही संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



शक्ति नगर एक्सटेंशन अशोक विहार फेस-3 में श्रीभागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

## हम सभी को पेड़-पौधे की रक्षा करनी चाहिए: राजेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उक्त बातें राजेन्द्र कुमार ने कही।
उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे से जहां एक और हमें छाया मिलती है है, वहीं इनसे में हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए।
एक अन्य सवाल के जवाब में राजेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान मिल सकता है। इसलिए रक्तदान अवश्य ही करें।



उन्होने आगे कहा कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करें।




नेहरू युवा केंद्र अलीपुर और इंडियन बैंक द्वारा गुरुवार को 'मेरी मिट्टी मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र अलीपुर में किया गया।

# निगम पार्षद योगेश वर्मा ने किया स्मार्ट रूम का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केशवपुरम जोन,** दिल्ली नगर निगम, अशोक विहार के सी.वी.ई. ब्लॉक के दो प्राईमरी स्कूलों में स्मार्ट रूम का उद्घाटन क्षेत्र के निगम पार्षद योगेश वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर निगम पार्षद योगेश वर्मा के अतिरिक्त संस्था के पदाधिकारी विनोद पसरीचा, गिरीश भाखरी, मंडल अध्यक्ष अरविंद लाकड़ा, सुधीर जैन, देवेंद्र पासवान व स्थानीय आरडब्ल्यूए के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।







उद्घाटन के अवसर पर योगेश वर्मा ने बताया कि उनके पिछले निगम पार्षद कार्यकाल में उन्होंने 7 स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनवाया था और आज Drop in Oceon नामक संस्था के सहयोग से स्कूली बच्चों के लिए स्मार्ट रूम बनवाया गया है। जिसका नाम मुस्कान कक्ष रखा गया है। इसका नाम मुस्कान कक्ष रखने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्रोत्साहित करना है। बच्चे जब क्लास में प्रवेश करेंगे तो उनके चेहरे पर क्लास को देखकर अप्रत्याशित मुस्कान आयेगी और उनमें कुछ नया सीखने की लालसा बढ़ेगी। श्री वर्मा ने आगे कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है और प्रतिदिन नये-नये तकनीक आ रहे हैं, अतः ऐसे में हमारे स्कूली बच्चों को अगर स्मार्ट रूम में स्मार्ट बोर्ड के तहत शिक्षा दी जायेगी तो उनमें पढ़ाई के प्रति रूचि भी बढ़ेगी। इस क्लास के माध्यम से उन्हें आज के युग में इंटरनेट पर उपलब्ध ज्ञानवर्द्धक बातें भी बतायी जायेंगी। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और उनका पढ़ाई के प्रति लगाव भी बढ़ेगा। इस अवसर पर स्कूली शिक्षकों को स्मार्ट बोर्ड को इस्तेमाल करने का तकनीक भी बताया गया। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आये दिन स्कूली बच्चों से इंटरनेट के माध्यम से रू-ब-रू होते हैं और उन्हें इंटरनेट व यू-ट्यूब के माध्यम से पढ़ाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते हैं।
श्री वर्मा ने आगे बताया कि हमारा उद्देश्य छोटे-छोटे बच्चों को स्कूलों में अच्छी शिक्षा देना है न कि राजनीति करना। आज दिल्ली नगर निगम के स्कूल कई निजी स्कूलों से बेहतर हैं और दिन-प्रति-दिन निगम के स्कूलों में बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है जिससे पता चलता है कि हमारा प्रयास सफलता की ओर बढ़ रहा है।

## दयानंद वत्स ने हरिशंकर परसाई की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव दयानंद वत्स ने संघ के उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित मुख्यालय बरवाला में हिंदी के सुप्रसिद्ध व्यंग्य लेखक स्वर्गीय हरिशंकर परसाई को उनकी 28वीं पुण्यतिथि पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि परसाई ने ही सर्वप्रथम व्यंग्य को विधा का सम्मान दिलाया था। उनकी रचनाओं में खोखली होती जा रही सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था में पिसते



मध्यमवर्गीय समाज की पीडा मुखरित हुई है। 1982 में उन्हें विकलांग श्रद्धा का दौर के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। कर्मकांड, सामाजिक पाखंड, रुढिवादी जीवन मूल्यों में जकडे समाज को उन्होने विवेक और विज्ञान से जोडकर सकारात्मक सोच विकसित की। श्री वत्स ने कहा की परसाई का व्यक्तित्व एवं कृतित्व करिश्माई था। उनके लिखे सभी व्यंग्य लेख आज भी प्रासंगिक हैं।
प्रेमचंद के फटे जूते, भेडें और भेडिये, विकलांग श्रद्धा का दौर, बेईमानी की परत, भूत के पांव पीछे, आवारा भीड के खतरे,अपनी अपनी बीमारी, वैष्णव की फिसलन, काग भगौड़ा, सदाचार का ताबीज, माटी कहे कुम्हार से, शिकायत मुझे भी है, टार्च बेचने वाले अविस्मरणीय व्यंग्य लेख हैं।

## महंगाई कम करने की ओर ध्यान दें सरकार: बद्रूदीन खान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज दिल्ली के लोग काफी ज्यादा परेशान हो रहे है। उक्त बातें वजीरपुर क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कही। श्री खान ने कहा कि आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को निःशुल्क पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज दिल्ली के कई इलाको में गंदा पानी आने की वजह से दिल्ली की जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि महंगाई की वजह से सभी वर्ग के लोग परेशान है। रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाले वस्तुओं के



दाम आसमान को छू रहे है। जिसके चलते आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है।
श्री खान ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि लोग कांग्रेस को पंसद कर रहे है।

## सेना में अहीर रेजीमेंट गठन की मांग को लेकर कई संगठनों की हुई बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बागडोला गांव के यादव भवन में भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने को लेकर कई यादव संगठनों की बैठक हुई। जिसमें कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव एवं राष्ट्रीय महासचिव राजबहादुर यादव ने भी भाग लिया। सभी लोगों ने मिलकर एक राष्ट्रीय स्तर पर कोर कमेटी बनाई। सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने को लेकर बहुत जल्द पूरे देश में आन्दोलन किया जाएगा। इस मौके पर कई संगठनों के लोग मौजूद रहे।

# आर के इंटरनेशनल विद्यालय में मनाया गया अलंकरण सम्मान समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के सफियाबाद रोड़ पर स्थित प्रतिष्ठित आर के इंटरनेशनल स्कूल ने गुरुवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अलंकरण सम्मान समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों और प्रधानाचार्या निधि नेहरा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस अलंकरण








समारोह में विद्यालय की 21 सदस्य विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर सभी परिषद सदस्यों को बैज लगाकर अलंकृत भी किया गया। विद्यालय की मुख्य गर्ल के रूप में विभूति तथा मुख्य बाय के रूप में मास्टर वंश त्यागी, चारों सदनों के कप्तान व उपकप्तान और अनुशासन प्रमुख को खेल प्रमुख के पदभार से अलंकृत सम्मानित भी किया गया। स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह के द्वारा हम न केवल विद्यार्थियों के उत्कृष्टता का सम्मान कर रहे है, बल्कि उनके सामाजिक और व्यक्तिगत विकास को भी महत्व दिया है। यह समारोह हमारे विद्यार्थियों को उनकी प्रेरणा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह उन्हें यह दिखाता है कि शिक्षा केवल किताबों में ही नहीं होती, बल्कि उन्हें समाज में भी सफलता प्राप्त करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हमारे विद्यार्थियों ने उन श्रेष्ठताओं की ओर प्रगति की है जिनके द्वारा हम समाज के विकास में योगदान कर सकते हैं। उनकी उपलब्धियों की तारीख न सिर्फ हमारे विद्यालय के इतिहास में लिखी जाएगी, बल्कि यह पूरे राष्ट्र के लिए भी गर्व की बात होगी। मुख्य अतिथि नवीन गुलिया ने कहा कि अलंकरण समारोह के द्वारा स्कूल ने विद्यार्थियों की मेहनत और प्रगति का समर्थन किया। यह समारोह सभी के लिए एक उत्कृष्ट प्रेरणा स्त्रोत है जो हमें यह सिखाता है कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से हम किसी भी क्षेत्र में अद्वितीयता प्राप्त कर सकते हैं।
आरके इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज हम सभी मिलकर इस अद्वितीय प्रसंग पर आए हैं, जब हमारे विद्यार्थी न सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में अपने अद्वितीय योगदान के लिए पहचाने गए हैं, बल्कि वे उन गुणों की भी प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं जिन्हें हम एक समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण मानते हैं। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, ऐश्वर्या, शिल्पी शर्मा, प्रधानाचार्या निधि नेहरा सहित सभी स्कूल स्टाफ मौजूद रहें।

# 'वाराणसी ने विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किये'

## लखनऊ से वाराणसी के बीच पहली वायुयान सेवा का मुख्यमंत्री योगी ने किया उद्घाटन

**उड़ान**

**प्रदेश की राजधानी को देश की आध्यात्मिक राजधानी से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है : सीएम योगी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से वाराणसी के लिए पहली उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। इंडिगो एयरलाइन्स की ओर से शुरू की गई इस सेवा से मात्र 55 मिनट में वाराणसी और लखनऊ के बीच के सफर को पूरा किया जा सकेगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को देश की आध्यात्मिक राजधानी से जोड़ने का प्रयास सराहनीय है, आज इसकी बहुत आवश्यकता थी। ये सेवा प्रधानमंत्री के उड़ान योजना के उस संकल्प को पूरा करगी जिसमें उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला आम आदमी भी हवाई यात्रा कर सके।

**वायुसेवा के जरिए वाराणसी का लखनऊ से जुड़ना बहुत जरूरी: मुख्यमंत्री** ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय और इंडिगो एयरलाइन्स को प्रदेश की जनता की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि वाराणसी के उद्यमियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध समाज और विश्वनाथ धाम में दर्शन करने वालों की मांग आज पूरी हो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में वाराणसी ने आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और भौतिक विकास के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्हें देखते हुए वाराणसी का लखनऊ से जुड़ना बहुत जरूरी था। वाराणसी एयरपोर्ट पर 2016-17 में एक वर्ष में केवल 19 लाख पैसेंजर होते थे, मगर आज 2022-23 में यह संख्या बढ़कर 25 लाख से अधिक हो गई है।

**यूपी में पिछले 6 साल में वायुसेवा का तीव्र गति से विस्तार हुआ:** मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 6 साल में वायुसेवा का तीव्र गति से विस्तार हुआ है। यूपी में 2017 में पहले केवल दो क्रियाशील एयरपोर्ट वाराणसी और लखनऊ थे। वर्तमान में प्रदेश में 9 एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हो चुके हैं। साथ ही 12 एयरपोर्ट को प्रदेश सरकार तेज गति से तैयार कर रहे हैं, जिसमें से दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी हैं। इसमें अयोध्या एयपोर्ट को दिसंबर में पूरी तरह से क्रियाशील कर दिया जाएगा। इसी प्रकार एशिया के सबसे बड़ जेवर एयरपोर्ट के पहले रनवे को भी इस वर्ष के अंत तक तैयार कर लिया जाएगा।

## वाराणसी के महत्व को समझना होगा : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि डोमेस्टिक एयरपोर्ट के बारे में पहले कोई सोचता भी नहीं था लेकिन आज आजमगढ़, श्रावस्ती, चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर को भी वायुसेवा के साथ जोड़ने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का दौर है। वायुसेवा में सुरक्षा, समयबद्धता का ध्यान रखना विशेष तौर पर जरूरी है। जल्द 2000 नये एयरक्राफ्ट भारतीय बाजार में आने वाले हैं, जो लोगों की महात्वाकांक्षा की उड़ान को नयी ऊंचाई प्रदान करेंगे। लखनऊ से वाराणसी की दूरी भले ही 300 किमी की हो, मगर इस वायुसेवा की नितांत आवश्यक्ता थी। हमें वाराणसी के महत्व को समझना होगा। आज पहली उड़ान सेवा के साथ वाराणसी के सभी विधायकगण बनारस जा रहे हैं और इसी के साथ वापस भी लौटेंगे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वाराणसी की पहली उड़ान सेवा की पहली महिला यात्री को टिकट प्रदान करते हुए सभी मुसाफिरों को सुखद यात्रा की शुभकामनाएं भी दीं।



### अभी हफ्ते में तीन दिन मिलेगी उड़ान की सेवा

**लखनऊ** से वाराणसी की इंडिगो उड़ान सेवा को फिलहाल हफ्ते में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार के लिए शुरू किया गया है। लखनऊ से वाराणसी के लिए इंडिगा फ्लाइट संख्या सीई-7319 दोपहर 2.20 बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी जो 1 घंटे 10 मिनट की यात्रा के बाद 3.30 पर वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचेगी। इसी प्रकार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को ही वाराणसी एयरपोर्ट से इंडिगो फ्लाइट संख्या सीई-7321 शाम 4.05 बजे उड़ान भरेगी जो 55 मिनट बाद लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेगी।

**फास्ट न्यूज**

### प्रदेश में अब जूस जेहाद, दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
उत्तराखंड में अब लव जिहाद, लैंड जिहाद और इस तरह के मामलों के बीच अब जूस जिहाद का मामला सामने आया है। हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कुछ जूस विक्रेताओं पर पहचान छिपाकर दुकान चलाने और जूस में केमिकल मिलाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। जिहाद की बहस के बीच अब नया विवाद जूस जिहाद का है। लक्सर में हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष जोध सिंह पुंडीर और व्यापारी नेता अजय वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उन्होंने एसडीएम और खाद्य सुरक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि लक्सर नगर और आसपास के क्षेत्र में कुछ बाहरी व्यक्ति अपनी पहचान छिपाकर जूस बेचने का कार्य कर रहे हैं। इन लोगों ने अपनी दुकानों के नाम शहरों या दूसरे नाम पर रखे हुए हैं। उन्होंने ज्ञापन में आरोप लगाया कि यह व्यक्ति जूस में कोई केमिकल मिलाकर बेच रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य और जान को खतरा है। इन व्यक्तियों से आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रशासन को मौखिक रूप से कई बार अवगत कराने के बावजूद इन लोगों की जांच नहीं हुई। कार्यकर्ताओं ने जूस बेचने वालों की जांच कराए जाने और जूस की सैंपलिंग कराए जाने तथा दुकानों पर विक्रेताओं की वास्तविक पहचान उजागर किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जोध सिंह पुंडीर, व्यापार मंडल की तहसील अध्यक्ष अजय वर्मा, राज सिंह, विशाल कश्यप, नवीन कुमार, अमित कुमार, मोहन, राजकुमार, अर्जुन सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### भूस्खलन में एक और शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/गुप्तकाशी**
**केदारनाथ** मार्ग पर गौरीकुंड डाटपुलिस के समीप हुए भूस्खलन में एक और शव बरामद कर लिया गया। इस तरह से अब तक इस हादसे में चार शव बरामद हो चुके हैं। बीती 03 अगस्त को इस हादसे में 23 लोग लापता हो गए थे, जिनमें से 3 शव पहले ही बरामद कर लिए गए थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि विगत दिनों गौरीकुंड डाटपुलिया के समीप भारी भू-स्खलन के कारण लापता हुए 20 लोगों का सावतें दिन भी खोजबीन अभियान जारी है। इस अभियान के दौरान एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान वीर बहादुर के रूप में हुई है।




उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गंगा और उसकी सहायक नदियां चंद्रभागा, खारा स्त्रोत उफान पर हैं। आधी रात को कई घरों में पानी घुसने से लोगों में अफरातफरी मच गई।

### 'राहुल को अभी भी बहुत कुछ सीखना बाकी'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**बच्चा** पैदा होता है दो-तीन साल में बोलना चलना सीख जाता है। लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को अभी भी सीखना बाकी है। वे कभी गले लगाते हैं तो कभी फ्लाइंग किस करते हैं। बिना सोचे समझे कोई भी बयान दे देते हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने यह बातें संसद में राहुल गांधी के फ्लाइंग किस को लेकर एक फिर सुर्खियों में आने पर पत्रकारों के किए सवाल का जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अभी भी बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी को राज परिवार से बाहर आना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से राष्ट्रीय लोकदल के विधायकों की मुलाकात पर उठ रही सियासत पर विराम लगाते हुए कहा कि यूपी के किसी भी दल के कोई भी विधायक मुख्यमंत्री से मिल सकते हैं। विधायक पहले भी मुख्यमंत्री से मिलते रहे हैं।

## 'राहुल के नाना ने देश का विभाजन स्वीकारा...'



**तंज कसा**

**राहुल के नाना पंडित नेहरू ने देश का विभाजन स्वीकारा तब भारत माता की हत्या नहीं हुई : शांता**

**टीम एक्शन इंडिया**/पालमपुर
पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार ने लोकसभा में भारत माता की हत्या से जुड़े कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राहुल के इस बयान से मेरी तरह देश के करोड़ों लोग आहत हुए होंगे। शांता कुमार ने पूछा कि राहुल के नाना पंडित नेहरू ने देश का विभाजन स्वीकारा तब भारत माता की हत्या नहीं हुई। शांता कुमार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि समझ में नहीं आता कि माता और वह भी भारत माता, उसकी हत्या की बात विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में कांग्रेस के बड़े नेता ने कैसे कह दी। उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या तब भारत माता की हत्या नहीं हुई थी जब कांग्रेस ने और राहुल के नाना ने देश का विभाजन स्वीकार किया। लाखों लोगों की हत्या हुई, हजारों महिलाओं का बलात्कार हुआ और करोड़ों लोग अपने घरों से विस्थापित हुए। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि कांग्रेस विभाजन के विरुद्ध थी। गांधी जी ने कहा था, विभाजन मेरी लाश पर होगा। यही बात पंडित नेहरू ने और सरदार पटेल ने भी कही थी।

## 'राहुल के हाथ हिलाने पर भी भाजपा को आपत्ति'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**समाजवादी** पार्टी (सपा) नेता शिवपाल यादव ने संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फ्लाइंग किस मामले में समर्थन किया है। उन्होंने राहुल गांधी को विपक्ष का बड़ा नेता बताया। शिवपाल यादव ने कहा कि विपक्ष का बड़ा नेता होने के चलते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसको मुद्दा बना रही है। अगर वह (राहुल) हाथ भी हिलाएंगे तो भाजपा को आपत्ति होगी। सपा नेता शिवपाल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में लागू होने जा रही नई नियमावली के सवाल पर कहा कि नई नियमावली पर चर्चा हो।

**यह है नई नियमावली:** उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में कल से नई विधानसभा की नियमावली लागू होने जा रही है। नये नियमों में कोई भी सदस्य सदन में झंडे, बैनर, मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास भी जाने पर रोक रहेगी। सदन की कार्यवाही से विधायक ऑनलाइन जुड़ सकेंगे। नई नियमावली में सबसे बड़ा बदलाव सत्र संचालन के विषय में किया गया है। अब सत्र बुलाने के लिए नोटिस की अवधि को सात दिन कर दिया गया है। नए नियम में विधानसभा अध्यक्ष को सदन के सदस्य (विधायकगण) पीठ नहीं दिखा सकेंगे। सदन की कार्यवाही के समय दस्तावेज फाड़ने पर रोक लगाई गई हैं।

## राजस्थान को मिली छह खेलों में राष्ट्रीय स्कूली स्पर्धाओं की मेजबानी

**टूर्नामेंट**


**प्रदेश में नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर में एक साथ आधा दर्जन खेलों के नेशनल मुकाबलों के आयोजन का यह पहला मौका होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**स्कूल** गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने वर्ष 2023-2024 के लिए 67वां नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर जारी करते हुए राजस्थान को टेनिस, बास्केटबॉल, जूडो, वेटलिफ्टिंग, सॉफ्टबॉल और कबड्डी की छह राष्ट्रीय स्कूली स्पर्धाओं की मेजबानी सौंपी है। प्रदेश में नेशनल स्कूल गेम्स कैलेंडर में एक साथ आधा दर्जन खेलों के नेशनल मुकाबलों के आयोजन का यह पहला मौका होगा। स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में जोधपुर में टेनिस (अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्रा संवर्ग), दिसम्बर 2023 के द्वितीय सप्ताह में बाड़मेर में बॉस्केटबाल (अंडर-14 छात्रा संवर्ग), फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में श्रीगंगानगर में जूडो (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), नवम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में सॉफ्टबाल (अंडर-17 छात्र एवं छात्रा संवर्ग), जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में जयपुर में कबड्डी (अंडर-17 छात्रा संवर्ग) तथा नवम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में बीकानेर में वेट लिफ्टिंग (अंडर-19 छात्र एवं छात्रा संवर्ग) के टूर्नामेंट आयोजित होने की सम्भावना है।

**15 अगस्त विशेषांक**

**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक्शन इंडिया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई बहुरंगी परिशिष्ट प्रकाशित करने जा रहा है। सभी विज्ञापनदाताओं, पत्रकारों, संवाद सूचकों और विज्ञापन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन व प्रकाशन सामग्री परिशिष्ट प्रकाशन (विभिन्न परिशिष्टों के प्रकाशन संबंधी जानकारी कार्यालय से ले लें) होनें से तीन दिन पहले तक मुख्य कार्यालय में पहुंचा दें।**

-व्यवस्थापक



MARUTI nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT



Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546